हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री


जोरापारा तालाब जलकुम्भी से पटा



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय जिले में करेंगे ध्वजारोहण

**बिलासपुर।** इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर जिले में पहली बार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ध्वजारोहण करेंगे। यह जानकारी कलेक्टर संजय अग्रवाल ने समय-सीमा की बैठक में दी। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर जिले में पहली बार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा ध्वजारोहण किया जाना संभावित है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं भव्य स्वरूप में मनाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की। गणतंत्र दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड में सामूहिक वंदे मातरम गायन किया जाएगा।



### कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक गंभीर

**बिलासपुर।** मंगलवार देर रात इंदु चौक पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मगरपारा चौक की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने मंदिर चौक की दिशा से आ रहे बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल घायलों की पहचान नहीं हो पाई है।

### 70 नाले, नालियों का करीब 90 एमएलडी पानी रोज बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा

# पल-पल मर रही अरपा, 30 सालों में 500 करोड़ की योजनाएं बनीं लेकिन किसी काम की नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

न्यायधानी की पहचान कराने वाली अरपा की हालत गटर सी हो गई है। क्षेत्रीय पर्यावरण विभाग भी मानता है कि अरपा का पानी पीना तो छोड़िए अब नहाने लायक भी नहीं बचा है। सालों से नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है। कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है। वाहनों के जाने के लिए नदी में रास्ता बनाया गया है। इसके साथ ही नगर निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है। कचरे की डंपिंग भी लगातार हो रही है। महामाया चौक के पास इंदिरा सेतु, अरपा के पुराने पुल, शनिचरी रपटा, गुरुनानक चौक और तोरवा पुल से देखें, तो हर कहीं अरपा में गंदगी, कचरा, मटमैला बदबूदार पानी और जलकुंभियों का मैदान नजर आता है।

40 साल पहले तक अरपा का पानी स्वच्छ था। कपड़े धोने का काम करने वाले से लेकर किनारे बाड़ियां लगाने वाले नदी में एक फुट का झिरिया खोद कर अरपा का पानी पीते थे। अब इसका पानी निस्तार के भी काबिल नहीं रहा। कारण इसमें शहर भर के नाले, नालियों का करीब 90 एमएलडी पानी रोज मिल रहा है। कल्पना कीजिए अरपा में नाले, नालियों के पानी की निकासी बंद करा दी जाए, तब तो इसमें कैचमेंट एरिया के जंगल, पहाड़ों और प्राकृतिक नालों का ही पानी रहेगा, जो कि पहले की तरह स्वच्छ होगा। फिलहाल अरपा को गटर से मुक्ति दिलाने के लिए 300 करोड़ की योजना पर काम करने का दावा है लेकिन सब अधूरे पड़े हैं।




■ महामाया चौक से लेकर शनिचरी रपटा, गुरुनानक चौक और तोरवा पुल के करीब हाल बेहाल

### प्रदूषण मुक्त करने 285 करोड़ का प्लान

30 सालों में करोड़ों फूंकने के बाद भी अब नगर निगम ने अरपा को साफ करने के लिए 285 करोड़ का प्लान पेश किया है। इसमें निगम एरिया यानी कोनी से दोमुंहानी तक अरपा में पहुंचने वाले सभी नालों के पानी की सफाई के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाई जाएगी। समें मुख्यत चिल्हाटी और दोमुंहानी स्थित एसटीपी की क्षमता क्रमशः 17 एमएलडी से बढ़ाकर 40 और 54 से बढ़ाकर 90 एमएलडी करने का टारगेट है। नालों के पानी को नदी में पहुंचने के पहले ही रोक कर एनजीटी के मापदंड के मुताबिक स्वच्छ कर नदी में छोड़ा जाएगा।

### अधूरे प्रोजेक्ट, मार्च 2026 तक का दावा

नगर निगम के अनुसार, मंगला क्षेत्र में निर्माणाधीन दो एसटीपी में से 10 एमएलडी क्षमता वाला प्लांट 75 प्रतिशत तक और 6 एमएलडी वाला प्लांट 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। वहीं कोनी में 2 एमएलडी एसटीपी अंतिम चरण में है और पचरीघाट में 1 एमएलडी क्षमता का प्लांट अभी शुरू हुआ है। निगम का दावा है कि सभी एसटीपी मार्च 2026 तक तैयार हो जाएंगे।

### सामूहिक प्रयास से ही पुनर्जीवन संभव

गंदे पानी के साथ ही कचरे, मलबे की डंपिंग तत्काल बंद होनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए अरपा के दो किनारे बड़े पैमाने पर पौधरोपण कराया जाए। लोगों को भी जागरूक होना होगा। अरपा नदी को बचाने के लिए ठोस और दीर्घकालिक समाधान अपनाने की आवश्यकता है। प्रशासन, स्थानीय संगठन और नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही नदी का पुनर्जीवन संभव है।

- **श्याम मोहन दुबे,** अरपा अर्पण अभियान

### नदी को बचाने का संकल्प लेकर करें काम

कचरा और जलकुंभी को हटाने के साथ ही पानी के ट्रीटमेंट की व्यवस्था करनी जरूरी है। यह समस्या जारी रही, तो बिलासपुर शहर को जल्द ही पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा। यदि सभी मिलकर प्रयास करें और नदी को बचाने का संकल्प लें, तो अरपा में स्वच्छ जल बनाए रखा जा सकता है।

- **अरविंद शुक्ला,** सामाजिक कार्यकर्ता

### अरपा में इस तरह फैल रही गंदगी

- नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है।
- सीवरेज प्रोजेक्ट का गंदा पानी दोमुंहानी और चिल्हाटी स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से नदी में प्रवाहित हो रहा।
- कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है।
- जल सप्लाई का 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है।

### अरपा की यह योजनाएं अधूरी

- अरपा के शिवघाट और पचरीघाट में पानी रोकने के लिए बैराज निर्माण का कार्य अपूर्ण
- पेंड्रा के अमरपुर में उद्गम स्थल के संरक्षण, जलकुंड के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाधीन
- बिलासपुर में शहर में नदी में पहुंचने वाले 70 नाले, नालियों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट का लक्ष्य अधूरा
- अरपा में कचरा, मलबा की डंपिंग लगातार जारी

## नदियों के संरक्षण, संवर्धन पर काम करेगी कमेटी

राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के लिए राज्य सरकार द्वारा कमेटी बनाई जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश की 19 नदियों के संरक्षण और संर्वधन पर यह कमेटी काम करेगी। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इसके आदेश दिए। इसके साथ ही सभी नदियों और उनके उद्गम स्थल को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने का भी आदेश दिया गया है। दरअसल रिकार्ड में यह नदियां और उनके उद्गम स्थल फिलहाल नाले के रूप में दर्ज है। शासन द्वारा मंगलवार को पेश जवाब में कहा गया कि 6 नदियों महानदी, हसदेव, तांदूला, पैरी, केलो, मांड के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। अरपा नदी के साथ ही प्रदेश की अन्य नदियों के संरक्षण और संवर्धन की मांग करते हुए लगाई गई जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अरपा में सालभर पानी की योजना के साथ प्रदेश की 9 प्रमुख नदियों के रिवाइवल की योजना पर काम किया जा रहा है।

■ उद्गम स्थल राजस्व रिकार्ड में होंगे दर्ज

### इतिहासकार, लेखक, पर्यावरणविद रहेंगे कमेटी में

हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल आखिर क्यों सूख रहे हैं, यह जानने और इन स्थलों को तलाशने के लिए राज्य सरकार द्वारा कमेटी बनाई जानी चाहिए। शासन की ओर से इस पर सहमति जताई गई। इस कमेटी में जानकार तकनीकी अधिकारी अफसर, इतिहासकार, लेखक और पर्यावरणविद भी शामिल किए जाएंगे। यह कमेटी उद्गम स्थलों को पुनर्जीवित करने और इनसे पानी का बहाव बनाए रखने की दिशा में काम करेगी। कमेटी का सबसे पहला काम होगा नदियों के उद्गमों की तलाश करना। शासन ने कहा कि जिन जिलों से नदियों का उद्गम है वहां के कलेक्टर इसके अध्यक्ष रहेंगे। इसके साथ ही खनिज, वन और जिला पंचायत के अधिकारी कमेटी के सदस्य होंगे।

### छोटी-बड़ी 19 नदियां निकलती हैं प्रदेश से

छत्तीसगढ़ में 19 छोटी-बड़ी नदियों का उद्गम है। इनमें धमतरी के सिहावा से महानदी, राजनांदगांव के अंबागढ़ से शिवनाथ नदी, कांकेर के भानुप्रतापपुर से तांदुला नदी, मनेन्द्रगढ़ के रामगढ़ से हसदेव नदी, गुरुर के पेटेचुआ से खारून नदी, महासमुन्द से जोंक नदी बिन्द्रानवागढ़ से पैरी नदी, मैनपाट से माड नदी, जशपुर के पंरापाट से ईब नदी, रायगढ़ के लुडेग से केलो नती, कोरबा के पठार से बोराई नदी, मलाजकुंडम से दूध नदी, बिलासपुर के खुड़िया पठार से कन्हार नदी, सरगुजा की मातरिंगा पहाड़ी से रिहन्द नदी, दुर्ग के उच्च भूमि से कोटरी नदी, बैलाडील से शबरी नदी, डांगरी-डोंगरी से डंकिन नदी, बैलाडीला से शखिनी नदी, राजनांदगांव के पठार से बाघ नदी और कोडागांव से नारंगी नदी निकलती है।



## खबर संक्षेप

### हिंदू सम्मेलन में नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने लिया भाग




**बिलासपुर।** हिन्दू एकता समिति के तत्वावधान में आज जबड़ापारा क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हिन्दू आयोजक समिति, जबड़ापारा द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन संयोजक शिव शंकर वर्मा एवं सह-संयोजक पंकज श्रीवास के कुशल निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम चंद्रा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. अनामिका तिवारी ने समाज सेवा, मानवीय मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बृजेंद्र शुक्ला ने संबोधन में हिन्दू एकता, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर विस्तार से विचार रखे। उनके विचारों को उपस्थित जनसमूह द्वारा सराहना प्राप्त हुई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजक मंडल द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### अटल बिहारी वाजपेई विवि ने नकुल को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय ने नकुल प्रसाद टेंगवार को हिंदी के अंतर्गत नरेंद्र कोहली के रामकथा पर आधारित उपन्यासों में मानवीय संवेदनाओं का अनुशीलन विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने यह शोध कार्य डॉक्टर फूलदास महंत के निर्देशन में पूरी की है। श्री टेंगवार वर्तमान में संप्रति अतिथि सहायक प्राध्यापक हिंदी में नवीन शासकीय महाविद्यालय जैजैपुर में कार्यरत हैं। उन्होंने इसका श्रेय अपनी माता और गुरुजनों को दिया है।

### श्री भगवान वेंकटेश्वर स्वामी बालाजी मंदिर का रजत महोत्सव 26 से



**बिलासपुर।** तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति की बैठक बी मोहन राव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सचिव जे जगन पटनायक ने बताया कि बैठक में कोषाध्यक्ष जी रविकन्ना द्वारा चांपी जलाशय पिकनिक में हुए खर्चा का आय–व्यय का विवरण दिया गया है। अध्यक्ष व्ही मधुसूदनराव ने बताया कि हेमू नगर में बन रहे समाज का निर्माणाधीन भवन 19 मार्च उगादि पर्व तक पूर्ण हो जाता है तो भवन का उद्घाटन किया जाएगा। अगर भवन का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होता है तो हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 मार्च को तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में उगादी कार्यक्रम किया जाएगा। श्री भगवान वेंकटेश्वर स्वामी बालाजी मंदिर, जगदलपुर का रजत महोत्सव 26 जनवरी से 1 फरवरी तक धार्मिक अनुष्ठान होना है। इस धार्मिक अनुष्ठान रजत महोत्सव कार्यक्रम शामिल होने के लिए अब तक 25 सदस्यों का जाना निश्चय हुआ। इस बैठक में समिति के जे जगन पटनायक, ए ईश्वर राव, एम के पटनायक, के वेंकट, जी सन्मुख राव, एम श्रीनू, एस श्रीनिवास, व्ही रवि, जी व्ही नरसिंग मूर्ति, एन संतोष, बुड्डा रामाराव, अमरनाथ बद्री, पी भीष्मा, जगन मोहन, एन भास्कर राव, मदन कुमार नायडू, यू मुरली, कमलेश करी, के अप्पल राजू, बी श्रीनिवास, जी धर्मा राव, एस श्रीनिवास, हरि शंकर राव, ए व्ही राव, ए गणपति, एम रवि, डी श्रीनिवास मूर्ति, व्ही श्यामू आदि मौजूद थे।

### मरणोपरांत दो लोगो को नेत्रज्योति दे गई लीला



**बिलासपुर।** तोरवा निवासी स्व. भगतराम डोडेजा की पत्नी श्रीमती लीला देवी डोडेजा का मंगलवार को स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार करने से पहले उनके पुत्र सुरेश व भतीजे अमित डोडेजा ने नेत्रदान करने की इच्छा जताई। इसके लिए हैंड्स ग्रुप से सम्पर्क किया। हैंड्स ग्रुप से अमित डोडेजा व अन्य सदस्य सिम्स के नेत्रदान सल्हाकर धर्मेंद्र देवांगन डॉक्टर संजय चौधरी व डॉ रवि यादव की टीम के साथ उनके निवास पहुंचकर नेत्रदान किया।

### सर्विस विथ डेडिकेशन फाउन्डेशन विजयापुरम ने दिया फल ठेला



**बिलासपुर।** सर्विस विथ डेडिकेशन फाउन्डेशन विजयापुरम के सदस्यों ने बेरोजगार युवाओं को फल और ठेला उपलब्ध कराकर उन्हें रोजगार प्रदान कर समाज में एक मिसाल कायम की है। सदस्यों ने बताया कि हमारी संस्था बेरोजगार युवाओं को साधन उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में निरन्तर सेवा कार्य कर रही है। आज इनके सदस्यों द्वारा योगेश साहू बेरोजगार नौजवान को नया ठेला व उसमें सभी प्रकार के फलों को लगाकर रोजगार प्रदान किया। इस अवसर पर सविता रायजादा, मीना आहूजा, प्रभा दुबे, आशा ताम्रकार, सरस्वती साहू, स्वाति शर्मा, बरखा मोदी, सुष्मित कौर, नीरजा तिवारी, रूक्मिणी कश्यप, दीपिका माहोरे, पूनम पाठक, रोमी हाटी, कविता मेहता, रजनी तम्बोली, निविया श्रीवास्तव आदि मौजूद थे। फाउंडेशन के अध्यक्ष ने बताया कि इस तरह के कार्य करने से अन्य लोगों को समाज सेवा करने की प्रेरणा मिलती है और हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार दे सकें।

---

**2009 में किया गया था अपग्रेड** — प्रथम कुलपति चतुर्वेदी से लेकर वर्तमान कुलपति चक्रवाल ने की थी सेंट्रल स्कूल खोलने की घोषणा

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी 16 सालों में नहीं खोल पाई अपने कैंपस में स्कूल

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास स्टेट यूनिवर्सिटी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अपग्रेड हुए 16 साल हो गए हैं और इन 16 सालों में सेंट्रल यूनिवर्सिटी अपने कैंपस में सेंट्रल स्कूल नहीं खोल पाई है।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रथम कुलपति स्व. लक्ष्मण चतुर्वेदी और वर्तमान कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल ने भी यूनिवर्सिटी कैंपस में एक स्कूल खोले जाने की घोषणा की थी और प्रपोजल भी बनाकर सेंट्रल गवर्नमेंट के शिक्षा मंत्रालय को भेजा गया था, उसके बाद से मामला ठंडे बस्ते में है। गुरु घासीदास स्टेट यूनिवर्सिटी जनवरी 2009 में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रूप में अपग्रेड हुआ। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रथम कुलपति स्व. लक्ष्मण चतुर्वेदी ने ही



पहली बार सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कैंपस भीतर इंग्लिश मीडियम में सेंट्रल स्कूल खोलने की प्लानिंग की थी, उस समय प्रस्ताव भी सेंट्रल गवर्नमेंट के शिक्षा मंत्रालय को भेजा गया था और वहां से एक तरह से अनुमति भी मिल गई थी। लेकिन मामला बजट में आकर अटक गया था, क्योंकि सेट्रल गवर्नमेंट का शिक्षा मंत्रालय चाहता था कि यूनिवर्सिटी अपने संसाधन में स्कूल शुरू करें, जबकि यूनिवर्सिटी चाहती थी कि स्कूल खोलने के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट उन्हें फंड उपलब्ध कराएं। इस तरह से कुलपति स्व. चतुर्वेदी का कार्यकाल समाप्त होते के बाद स्कूल खोलने की फाइल भी दब गई। प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल सेंट्रल यूनिवर्सिटी का कुलपति बनकर आए तो उन्होंने यूनिवर्सिटी कैंपस भीतर स्कूल खोलने की घोषणा की थी और स्कूल खोले जाने का प्रस्ताव सेंट्रल गवर्नमेंट के शिक्षा मंत्रालय को भेजा गया था। कुलपति श्री चक्रवाल का कार्यकाल भी चार वर्ष पूरा हो चुका है और यह उनका कार्यकाल का आखिरी साल है, किन्तु यूनिवर्सिटी कैंपस में सेंट्रल स्कूल खोलने का मामला अभी भी ठंडे बस्ते में पड़ा है।

### उच्च शिक्षा देने की योजना

सेंट्रल यूनिवर्सिटी कैंपस में ही स्कूल खोले जाने की प्लानिंग के पीछे वजह यह थी कि स्टूडेंट्स को प्राथमिक शिक्षा से लेकर हायर एजुकेशन तक एक ही कैंपस भीतर मिल सकें। मतलब यह कि अगर केजी या प्राथमिक कक्षाओं में भर्ती लेने वाला स्टूडेंट्स बड़ा होकर स्नातक, स्नातकोत्तर की उच्च शिक्षा पूर्ण करके ही निकलें। इसके अलावा जो दूसरी जगहों से सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नौकरी में आते हैं, उनके बच्चों की शिक्षा के लिए एडमिशन आदि की समस्या होती है जो खुद के स्कूल हो जाने से नहीं होगी।

### टीचिंग-नान टीचिंग के एक हजार स्टाफ

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में टीचिंग व नान टीचिंग मिलाकर एक हजार से ऊपर स्टाफ है। इनमें से लगभग डेढ़ सौ से दो सौ प्राध्ययापक व अधिकारी-कर्मचारी यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित आवासीय कालोनी रहते हैं। इसी तरह यूनिवर्सिटी में 10 हजार के आसपास स्टूडेंट्स पढ़ते हैं, जिनमें से करीब 2 हजार छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी परिसर के ब्वायस एवं गर्ल्स हास्टल में रहते हैं। इस तरह से सेंट्रल यूनिवर्सिटी के जो हजारभर स्टाफ हैं उनके बच्चों को प्राथमिक, मिडिल व हाई-हायर सेकेंडरी की पढ़ाई के लिए शहर के किन्हीं स्कूलों में एडमिशन लेना पड़ता है।

### देश के कुछ विवि में चल रहे स्कूल

देश में कई सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूनिवर्सिटी के साथ-साथ स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी बीएचयू, अलीगढ़, जामिया यूनिवर्सिटी आदि जगहों पर यूनिवर्सिटी के साथ स्कूल भी चल रहे हैं और वहां पर प्राथमिक के साथ उच्च शिक्षा एक ही कैंपस में दिया जा रहा है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में भी इन यूनिवर्सिटी की तरह अपने कैंपस में स्कूल संचालित करने की योजना बनाई गई थी जो अभी तक क्रियान्वित नहीं हो पाई है।

### फिर से पजल किया जा रहा

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी कैंपस में सेंट्रल स्कूल खोलने की योजना बनाई गई थी और इस दिशा में प्रयास भी हुए थे। यूनिवर्सिटी की ओर से शिक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भी भेजे गए थे। लेकिन कुछ नियम, शर्तों को लेकर मामला रूका हुआ है। यूनिवर्सिटी द्वारा इस दिशा में फिर से पहल किया जा रहा है।

-प्रो. **मनीष श्रीवास्तव**, मीडिया प्रभारी, सीयू

---

कुछ अभी भी अस्पताल में, बाकी को दी छुट्टी

# फूड पाइजनिंग: रेलवे के 150 अफसर और परिजन अभी करा रहे इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फुड पाइजनिंग के मामले में तीनों डिवीजन के अफसर और उनके परिजन सहित अभी भी करीब 150 से अधिक की संख्या में हैं, जो रेलवे व अन्य निजी अस्पताल में भर्ती होकर अपना उपचार करा रहे हैं। इसके अलावा ज्यादा बीमारी के कारण कुछ अफसरों को अपोलो में भी भर्ती कराया गया है।

तीन दिन तक चलने वाले स्पोर्टस और कल्चरल मीट का आयोजन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के अफसरों की देखरेख में किया गया था। कल्चरल मीट का आयोजन रेलवे आफिसर्स क्लब, रेल क्लब आडिटोरियम, नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में किया गया, वहीं स्पोर्टस मीट में क्रिकेट व अन्य खेलों का आयोजन एनईआई, सेकेरसा, बैडमिंटन मैदान में कराया गया था। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से 500 से अधिक रेल अफसर और उनके परिजन सहित बच्चे भी शामिल हुए थे। तीन दिन चले कार्यक्रम के दौरान सुबह का नाश्ता और दोपहर व शाम के भोजन की व्यवस्था भी जोन मुख्यालय की ओर से की गई थी।


फूड पाइजनिंग के शिकार हो गए रेलवे अफसर और परिजन, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

100 से अधिक बीमार

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

इसके लिए सुबह का नाश्ता, चाय, काफी का ठेका इंडियन कॉफी हाउस को, दोपहर के भोजन का ठेका शर्मा कैटरर्स को और रात के भोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी कोर्ट मैरियट को सौंपी गई थी। पिछले तीन दिन तक सभी ने तीनों ठेकेदारों के नाश्ते, भोजन का आनंद लिया, लेकिन अंतिम दिन यानि रविवार की रात कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत अधिकारी व उनके परिवार ने जैसे ही भोजन किया सबकी हालत खराब होने लगी।

200 से अधिक अधिकारी व उनके परिजन अचानक उल्टी दस्त करने लगे, जिसमें तीनों डिवीजन के अधिकारी शामिल थे। अचानक इतनी बड़ी संख्या में अफसरों व उनके परिजन की तबीयत बिगड़ने की सूचना पर रेलवे आनन-फानन में निजी गाड़ियों से सभी को रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय में उपचार के लिए भेज दिया गया।

यहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ अफसरों को डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी, वहीं कई की हालत अधिक बिगड़ने के कारण अपोलो में रिफर कर दिया गया। सोमवार की रात और मंगलवार की सुबह तक करीब 50 से अधिक अफसर व उनके परिजन की छुट्टी हो गई थी। इसके अलावा 150 से अधिक अफसर व परिवार अपोलो सहित रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय सहित निजी उपचार करा रहे हैं।

### किसके भोजन से फुड पाइजनिंग, जांच नहीं

रेल अफसरों के अनुसार एसईसीआर जोन अंतर्गत कल्चरल एवं स्पोर्टस मीट का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में शामिल होने वाले सभी अधिकारी व उनके परिजन के लिए तीन अलग-अलग कैटरर्स को भोजन व नाश्ते की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसमें सुबह का नाश्ता चाय, दोपहर का भोजन और रात का भोजन करने के बाद तबीयत बिगड़ी, यह अब तक कुछ भी तय नहीं हो सका है। इसके कारण किसी भी कैटरर्स के खिलाफ जांच नहीं की जाएगी।

### थकान अधिक थी

स्पोर्टस एवं कल्चरल मीट में शामिल होने के लिए तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से पहुंचे अधिकारी व उनके परिजन किसी तरह की फुड पाइजनिंग का शिकार नहीं हुए हैं। थकान अधिक होने के कारण उन्हें कुछ परेशानी हुई, जिसकी वजह से डॉक्टरों को चेकअप कराने के लिए गए थे।

-**सुस्कर विपुल विलास राव**
सीपीआरओ, एसईसीआर

---

# डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में मना गौ संकल्प दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ राज्य गौ विज्ञान संरक्षण एवं संवर्धन समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय में गौ सेवा संकल्प दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के 257 विद्यार्थी शामिल हुए। चयनित विद्यार्थी राज्य स्तरीय परीक्षा में शामिल होंगे। इसका उद्देश्य विदेशी रासायनिक खाद एवं कीटनाशक का उपयोग रोकना, स्वदेशी गौ आधारित कृषि को बढ़ावा देना एवं गौ संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में काम करना है। मुख्य वक्ता कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के प्रो डा. प्रदीप पागरिया ने कहा कि आज प्राकृतिक उत्पादों पर आधारित जीवन आवश्यक हो गया है। उन्होंने गौ सेवा को एक आवश्यक कार्य बताते हुए। इस आयोजन के लिए विश्वविद्यालय की प्रशंसा की।

> ■ विश्वविद्यालय में 257 विद्यार्थियों ने दी गौ विज्ञान परीक्षा

### नई पीढ़ी को गौ पालक बनाना होगा : कुल सचिव

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा अरविंद तिवारी ने बताया कि वर्तमान पीढ़ी को हमने सिर्फ गाय का धार्मिक पक्ष ही बताया है कभी उसका वैज्ञानिक पक्ष नहीं बताया जिसके कारण यह पीढ़ी गाय से दूर होती जा रही है। इस पीढ़ी को गाय का संपूर्ण विज्ञान बताकर उन्हें गौ पालक बनाना इस परीक्षा का प्रमुख लक्ष्य है। प्रत्येक प्रांत में एक से अधिक अनुसंधान केंद्र बनाने की योजना है। युवा अधिक से अधिक क्षेत्र में कार्य करें छत्तीसगढ़ में हमारा पहला केंद्र धमतरी जिला स्थित है। कार्यक्रम में सम कुलपति प्रोफेसर जयति मित्रा ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पंचगव्य से गाय-गाय से किस-किस से गांव और गांव से हमारा प्रदेश आत्मनिर्भर होगा और जब प्रदेश आत्मनिर्भर होगा तो हमारा देश आत्मनिर्भर बनेगा।

### युवाओं को रोजगार भी मिलेगा : कुलपति

कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने बताया कि गौ धर्म और विज्ञान की दिशा में आगे बढ़ने पर रोग मुक्त भारत प्रदूषण मुक्त भारत कुपोषण मुक्त भारत और अन्य युक्त भारत हमारे सामने होगा। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार भी इस दिशा में मिलेगा। गौ विज्ञान परीक्षा के नोडल अधिकारी डा अनुपम तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर एम के तिवारी, डीन प्रोफेसर ए के श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के विधार्थी उपस्थित रहे।

---

# बजट से पहले डिवीजन स्तर पर सांसदों से मांगा जा रहा प्रस्ताव

**बिलासपुर।** आम और रेल बजट से पहले एसईसीआर के तीनों डिवीजन स्तर पर सांसदों से प्रस्ताव मांगा जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को नागपुर डिवीजन में सांसदों के साथ जीएम की समीक्षा बैठक हो गई है, जिसमें सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में यात्री सुविधा के लिए प्रस्ताव अधिकारियों को सौंप दिया है। वहीं दूसरी बैठक का आयोजन बिलासपुर डिवीजन में 22 जनवरी गुरुवार को होगा, जिसमें डिवीजन स्तर पर आने वाले संसदीय क्षेत्र के सांसद मौजूद रहेंगे।

फरवरी में केन्द्र का आम और रेल बजट पेश किया जाएगा। बजट से पूर्व सभी जोन के साथ एसईसीआर बिलासपुर जोन की ओर से भी प्रस्ताव बनाकर भेजा जाता है, जिसमें उन्हें कार्य के लिए मंत्रालय से बजट स्वीकृत होता है। एसईसीआर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में सांसदों के साथ बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बिलासपुर डिवीजन में आने वाले संसदीय क्षेत्र की बैठक 22 जनवरी को आयोजित की जाएगी, जिसमें केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के अलावा अन्य सांसद मौजूद रहेंगे। इस बैठक से पहले नागपुर डिवीजन में हुई सांसदों और महाप्रबंधक तरूण प्रकाश सहित जोन के अधिकारियों की बैठक में जीएम ने कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं सुझाव से रेल सेवाओं कों और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। एसईसीआर के तीनों मंडल बिलासपुर, रायपुर व नागपुर यात्रियों तथा माल ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 324 स्टेशन हैं, जिसमें प्रतिदिन 962 ट्रेनों का संचालन किया जाता है।

### कम पेंशन भुगतान के विरोध में रिटायर कोल कर्मियों का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**बिलासपुर।** सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ नागपुर के आह्वान पर रिटायर कोल वर्कर्स ने सीएमपीएफ क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। पेंशन निर्धारण में की गई गड़बड़ियों और कम भुगतान के विरोध में पेंशनरों ने आयुक्त, कोयला खदान भविष्य निधि संगठन धनबाद के नाम पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ के अनुसार अक्टूबर 2017 के बाद सेवानिवृत्त लगभग 40 हजार पेंशनरों को नियमानुसार पेंशन नहीं मिल रही है। कटौती के समय मूल वेतन के साथ वी.डी.ए. एवं एस.डी.ए. को शामिल किया गया था, लेकिन पेंशन निर्धारण में एस.डी.ए. को हटा दिया गया, जिससे पेंशन राशि काफी कम हो गई। जबकि कोल माइन्स पेंशन स्कीम 1998 में इस संबंध में कोई संशोधन नहीं हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सभी प्रभावित पेंशनरों की पेंशन एसडीए जोड़कर पुनः गणना की जाए और बकाया राशि का तत्काल भुगतान किया जाए। नेताओं ने यह भी कहा कि कोल माइन्स पेंशन का वर्षों से रिविजन नहीं हुआ है और इसे महंगाई से भी नहीं जोड़ा गया है, जबकि स्कीम के खंड 22 में प्रत्येक तीन वर्ष में समीक्षा का प्रावधान है।

---

# सुमीत बाजार में 26 महा-ऑफर ग्राहकों के लिए बंपर छूट

**बिलासपुर।** देश के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुमीत बाज़ार ने अपने ग्राहकों के लिए देश का सबसे बड़ा "26 महा-ऑफर" प्रस्तुत किया है। यह ऑफर 17 से 31 जनवरी लागू रहेगा, जिसमें ग्राहकों को बंपर खरीदारी का अवसर मिलेगा।

इस विशेष महा-ऑफर के अंतर्गत घरेलू उपयोग की वस्तुओं के साथ-साथ फैशन से जुड़े सैकड़ों उत्पाद बेहद आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बेडशीट, साड़ी, कुर्ती, मेंस वियर, लेडीज़ वियर, बच्चों के वस्त्र, फुटवियर, कंबल, ब्लैंकेट, कुशन कवर, पिलो कवर, ट्रैक पैंट, टी-शर्ट, शर्ट, जींस सहित अनेक उत्पाद मात्र 26 रुपए, 126 रुपए, 226 रुपए, 326 रुपए, 426 एवं 526 रुपए में ग्राहकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर सुमीत बाज़ार के डायरेक्टर संयम कांकरिया ने बताया कि मकर संक्रांति के बाद शुभ खरीदारी के मुहूर्त प्रारंभ हो जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए ग्राहकों की खरीदारी को और अधिक लाभकारी बनाने के लिए यह विशेष ऑफर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी शादी सीजन को देखते हुए दूल्हा-दुल्हन की पसंद के अनुरूप विशेष 'शुभम भवतु' कलेक्शन भी लॉन्च किया गया है। इसके साथ ही शादी-ब्याह एवं त्यौहारों में देने-लेने के लिए सभी प्रकार के कपड़े होलसेल रेट पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गुणवत्ता, विश्वास और उचित मूल्य के लिए पहचाने जाने वाले सुमीत बाज़ार ने इस गणतंत्र दिवस अवसर पर शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित पधारें और इस ऐतिहासिक 26 महा-ऑफर का भरपूर लाभ उठाएं।

सुमीत बाजार
क्वालिटी अनमोल बजट पे कंट्रोल

बिजनेस प्लस

---

# नितिन नबीन को नेताओं ने दी बधाई, बांटी गई मिठाइयां

**बिलासपुर।** भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन के चयन पर बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है। विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि नितिन नबीन एक अनुभवी, कर्मठ और जमीनी स्तर से जुड़े हुए नेता हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में संगठन को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया है। बिहार की राजनीति में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है और उन्होंने सदैव पार्टी की विचारधारा को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया है। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रभारी के रूप में श्री नितिन ने संगठनात्मक दायित्वों का अत्यंत कुशलता और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन किया।





राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और प्रदेश संगठन मंत्री हर्षिता पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी के 12 वें अध्यक्ष बनने पर नितिन नवीन का नई दिल्ली में आज शाल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। श्रीमती हर्षिता ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रभारी रहने के कारण राज्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी आज दिल्ली पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि नितिन नवीन अभी हाल ही में सम्पन्न हुए बिहार विधान सभा के चुनाव में भारी बहुमत के साथ विजयी हुए हैं। उन्हें नीतिश कुमार मंत्री मंड़ल में पीडब्लूडी विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। इसके पूर्व वे कैबिनेट बिहार सरकार में कैबिनेट में मंत्री रहे।



नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। उनकी नियुक्ति पर भाजपा बिलासपुर के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ढोल बाजे गाजे के साथ जमकर खुशियाँ मनाई। फटाखे फोड़ कर मिठाईयाँ बांटी गई लोगों ने एक दूसरे को मिठाईयाँ खिलाकर खुशी का इजहार किया। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के प्रभारी संगठन मंत्री रहे। एक लम्बे समय से उन्हें छत्तीसगढ़ का दायित्व मिला हुआ था। जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, नगर निगम सभापति विनोद सोनी, अजीत भोगल, केके शर्मा, दुर्गेश पाण्ड़ेय, हरि गुरुंग, अशोक मिथुन, राहुल सिंग, अनिल सिंग चैहान, अमित सिंह, मोनू रजक, नितिन छाबड़ा, संतोष सिंग ठाकुर आदि ने भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को बधाई दी है।

### धान खरीदी लिमिट की होगी 'अदला-बदली'

**बिलासपुर।** धान खरीदी केंद्रों में अब प्रतिदिन की खरीदी लिमिट की आपस में अदला-बदली की जाएगी। इसके अंतर्गत ऐसे खरीदी केंद्र जहां प्रतिदिन लिमिट की तुलना में कम खरीदी हो रही है, वहां से लिमिट को उन केंद्रों में ट्रांसफर किया जाएगा, जहां लिमिट की तुलना में खरीदी अधिक हो रही है। इस व्यवस्था से शासन को अतिरिक्त लिमिट जारी करने की जरूरत भी नहीं होगी और पहले से उपार्जन केंद्रों को जारी लिमिट का भरपूर उपयोग भी किया जा सकेगा। प्रतिदिन की खरीदी लिमिट कम होने के कारण परेशान रहने वाले धान खरीदी केंद्रों को अब बड़ी राहत मिल सकेगी। उपार्जन केंद्रों में लिमिट बढ़ाने के लिए अब शासन का मुंह नहीं देखना पड़ेगा। वर्तमान में वैसे तो सीमित खरीदी लिमिट होने के कारण किसानों के पर्याप्त टोकन नहीं कट पा रहे हैं, लेकिन कई उपार्जन केंद्र ऐसे भी हैं, जो प्राप्त लिमिट के अंतर्गत ही धान खरीदी नहीं कर पा रहे हैं।


पदभार ग्रहण समारोह
में पधारे हुए समस्त कांग्रेसजनों व
अतिथियों का हार्दिक स्वागत..
अभिनंदन
महेन्द्र गंगोत्री
जिलाध्यक्ष (ग्रामीण)
सिद्धांशु मिश्रा
जिलाध्यक्ष (शहर)
विनीत: जिला कांग्रेस कमेटी, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### माता का जगराता सम्मान समारोह 24 को

**मोपका।** मोपका में 24 जनवरी शनिवार को माता का जगराता व सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस जगराता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन व छत्तीसगढ़ लोककला मंच के चंद्र चंदन यादव सहित छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता अमलेश नागेश, संतोष निषाद, दुबे निषाद तथा विनोद नेताम छत्तीसगढ़ी कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम आयोजक पार्षद मोहन श्रीवास में बताया कि, यह कार्यक्रम माया टेंट हाउस कैटरीन पास पुलिस चौकी के सामने मोपका में होगा।

### कांग्रेस की मनरेगा बचाओ पदयात्रा आज, शामिल होंगे बैज

**तखतपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के नेतृत्व में तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा बचाओ पदयात्रा का आयोजन 21 जनवरी को दोपहर 2 बजे किया जा रहा है। इस पदयात्रा प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज शामिल होंगे। यह पदयात्रा ग्राम जोरापारा से प्रारंभ होकर मोछ, खैरी होते हुए ग्राम गिरधौना तक निकाली जाएगी, जिसकी कुल दूरी लगभग 5 किलोमीटर रहेगी। इस पदयात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आम जनता की आवाज को बुलंद किया जाएगा तथा मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना के साथ हो रहे अन्याय का पुरजोर विरोध किया जाएगा। पदयात्रा की तैयारी में पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह, प्रदेश सचिव आतमजीत सिहं मक्कड़, जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, ब्लाक अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी, अमित साहू, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर लगे हुए है।

### खसरा नंबर में त्रुटि को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** खसरा नंबर को दूसरे के साथ जोड़ने की बात को लेकर व्यक्ति के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शांति चौक लोरगी निवासी महेंद्र जायसवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 19 जनवरी को दोपहर 1:30 बजे वह जुनापारा धान खरीदी केंद्र में था। तभी भीमपुरी निवासी आरोपी अश्वनी कुमार अग्रवाल वहां आया, और मेरे खसरा नम्बर को अपने रिश्तेदार के साथ जोड़ दिया है कहते हुए गाली-गलौज कर मारपीट कर दी।

## निधन

### लीला देवी डोडेजा



**बिलासपुर।** तोरवा निवासी लीला देवी डोडेजा का 20 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 जनवरी मंगलवार को तोरवा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय भगतराम डोडेजा की धर्मपत्नी एवं सुरेश डोडेजा की माता तथा थीं।

### धरमलाल की अनुशंसा पर 45 करोड़ का सड़क निर्माण स्वीकृत

# सड़कें विकास की धुरी, निर्माण से क्षेत्र में आएगी प्रगति: धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर मुंगेली के सल्फा-मोतीमपुर, धुमा अमलडीहा में 45 करोड़ 25 लाख रुपए से अधिक की लागत से बनने वाली सड़क की स्वीकृति साय सरकार ने दी है। सड़क की लंबाई लगभग 22.50 किमी होगी।

श्री कौशिक ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि, यह निर्णय दूरस्थ और संपर्कविहीन बसावटों को बारहमासी सड़क सुविधा प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि, लम्बे समय से जर्जर सड़कों के कारण जनता को हो रही परेशानियों को देखते हुए इनका निर्माण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल था। कौशिक ने जोर देकर कहा कि, सड़कें विकास की धुरी होती हैं, और इनके निर्माण से क्षेत्र में प्रगति आएगी। उन्होंने कहा कि, स्वीकृतियां मिलने से न केवल ग्रामीण मार्ग बेहतर होगा और आवागमन में सुगमता आएगी, बल्कि स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाओं तक पहुंच भी तेजी से होगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी। धरमलाल कौशिक ने कहा कि, साय सरकार का संकल्प है कि, छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्राम तक सुरक्षित, सुदृढ़ और सर्व मौसम सड़क संपर्क सुनिश्चित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और जन-कल्याण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। हम बिल्हा विधानसभा के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करते धरमलाल कौशिक।

**नबीन के अध्यक्ष बनने से और अधिक सशक्त बनेगी पार्टी**

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने श्री नितिन नबीन को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर कहा कि श्री नबीन की अटूट निष्ठा, समर्पण, कार्यकुशलता और व्यापक अनुभव से निश्चित ही संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि श्री नबीन ने भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव और बिहार में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के साथ छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी के रूप में संगठन के हर दायित्व को पूरी निष्ठा के साथ निभाया।

## शहीद वीर नारायण सिंह अखिल भारतीय कबड्डी स्पर्धा 23 से

### 12 राज्यों की टीमें प्रतियोगिता में होंगी शामिल



**करगी रोड कोटा।** नगर के डीकेपी स्कूल खेल मैदान में शहीद वीर नारायण सिंह की याद में तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता (महिला एवं पुरुष वर्ग) का आयोजन 23, 24 एवं 25 जनवरी को किया जाएगा। प्रतियोगिता में देशभर से कबड्डी खेल प्रेमी एवं ख्याति प्राप्त खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में हरियाणा, दिल्ली, आंध्रप्रदेश सहित देश के 12 राज्यों की सशक्त कबड्डी टीमें कोटा पहुंच रही हैं।

प्रतियोगिता को लेकर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को स्मरण करने के साथ-साथ क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता से युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं के साथ खेलने व सीखने का अवसर मिलेगा तथा कोटा नगर की खेल पहचान को मजबूती मिलेगी। इस खेल महाकुंभ में लाखों पुरस्कार हॉकी, फुटबाल सहित पहाड़ी ग्राउंड के लिए एसईसीएल की मदद से डीकेपी ग्राउंड, पहाड़ी ग्राउंड में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम में बिलासपुर सांसद तोखन साहू सहित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आने की संभावना है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार 75 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार 51 हजार रुपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 35 हजार रुपए रखा गया है। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच को 7 हजार 5 सौ रुपए, बेस्ट रेडर को 5 हजार रुपए, प्रत्येक मैच में 5 सौ रुपए, राइट कॉर्नर, लेफ्ट कॉर्नर, राइट कवर एवं लेफ्ट कवर के लिए दो दो हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के मुख्य मार्गदर्शक एवं संरक्षक विधायक अटल श्रीवास्तव हैं। आयोजन को लेकर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों ने नगरवासियों एवं खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने और इस ऐतिहासिक खेल आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## दिवंगत उपनिरीक्षक पैकरा के निवास पहुंचे विधायक अटल, दी श्रद्धांजलि

**करगी रोड कोटा।** कोटा क्षेत्र के दार सागर निवासी पुलिस उपनिरीक्षक व जरहागांव के थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो गई। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को दार सागर बाना बेल में किया गया। उनके अंतिम क्रिया-कर्म के दौरान कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने उनके निवास पहुंचे एवं उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने स्व पैकरा के पिता सहित पूरे परिवार को संत्वना दी। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि, श्री पैकरा कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी थे, जहां भी रहे उनके कार्यों की प्रशंसा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ थाना क्षेत्र की जनता भी करती रही। भगवान उनको अपने चरणों में जगह दें एवं परिवार सहित हम सबको इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। अटल



श्रीवास्तव के साथ विधायक प्रतिनिधि शिवदत्त पांडे एवं ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी उद्देश्य सहित अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घर का ताला तोड़कर सीसीटीवी व डीवीआर ले उड़े चोर

**लोरमी।** घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अदर धुसे चोरों ने पूरे घर को खंगाला, लेकिन कुछ नहीं मिलने पर सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर लेकर फरार हो गए।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मकान मालिक फूल सिंह ध्रुव पिता मिलन सिंह ध्रुव निवासी परसवारा, जो वर्तमान में सपरिवार रानीगांव लोरमी वार्ड क्रमांक 7 में रहते हैं। 18 वे सपरिवार सामाजिक कार्य में शामिल होने अपने गृहग्राम परसवारा गए थे। 19 जनवरी को सुबह 11 बजे जब वापस रानीगांव पहुंचे तो उन्होंने देखा कि, लोहे के मेन गेट पर ताला लगा हुआ था, और अंदर के लकड़ी का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ था, और दरवाजा अंदर से बंद था। साथ ही पीछे का दरवाजा खुला हुआ था। उन्होने अंदर जाकर देखा तो सभी कमरे में सामान बिखरा हुआ था, और आलमारी टूटी हुई थी। कमरों की जांच करने पर सीसीटीवी एवं डीवीआर की चोरी की पुष्टि हुई। हैरानी की बात यह रही कि, चोरों को नगद तथा जेवरात नहीं मिलने पर उन्होंने घर के चारों तरफ मिर्ची पावडर का छिड़काव कर दिया।

घटना की सूचना पर लोरमी पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

## आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे तोखन

**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का 21 जनवरी को बिलासपुर एवं गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



श्री साहू निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बिलासपुर से सड़क मार्ग द्वारा जिला जीपीएम पहुंचेंगे। वहां वे कलेक्टर कार्यालय के अरपा सभाकक्ष में आयोजित दिशा समिति की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा तथा जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके पश्चात वे ग्राम मझगांव, विकासखण्ड कोटा, जिला बिलासपुर पहुंचेंगे, जहां वे ग्राम पंचायत भवन के पास आयोजित मझगांव प्रीमियर लीग कार्यक्रम में शामिल होकर खिलाड़ियों एवं ग्रामीणजनों का उत्साहवर्धन करेंगे। इसके बाद मंत्री श्री साहू दलहा बाबा परिसर, नवागांव (सलका), विकासखण्ड कोटा, जिला बिलासपुर पहुंचेंगे, जहां आयोजित दलहा आस्था मेला एवं शिव पुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।



## आगजनी करने वाला गिरफ्तार, गया जेल

**लोरमी।** क्षेत्रान्तर्गत ग्राम झझपुरी में आगजनी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि 16-17 जनवरी की दरमियानी रात्रि ग्राम झझपुरी में ठाकुर देव चौक के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने आगजनी कर दी थी। इस पर अंगद अंचल पिता देवल अंचल उम्र 37 साल ने घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई, जिसके आधार धारा 298, 326 (जी) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान राजेश साहू के रूप में की। संदेही राजेश कुमार साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने जुर्म करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी राजेश के घर की बाड़ी से घटना के समय पहने कपड़े एवं घटना में प्रयुक्त मिट्टी तेल, माचिस को गवाहों के समक्ष जब्त कर आरोपी राजेश कुमार साहू पिता स्व दाउलाल साहू उम्र 35 साल साल निवासी झझपुरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

---

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. /2025-26
ग्राम – मोंछ प.ह.नं. 31

एतद् द्वारा ग्राम मोंछ प.ह.नं. 31 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक खिलेश्वर सिंगरौल पिता स्व. चंदेलराम सिंगरौल, जाति कुर्मी निवासी मोंछ तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. वाले के द्वारा अपने पिता चंदेलराम सिंगरौल पिता संताराम सिंगरौल जाति कुर्मी की मृत्यु दिनांक 21/09/2011 को ग्राम मोंछ में होने का हवाला देते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधीन है। जिसमें दिनांक 05/02/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार को किसी प्रकार से कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तखतपुर

---

**कार्यालय रा.नि.म. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन सूचना**

प्रति,
1. हरीश पाल पिता नथईराम पाल 2. सुनीता बंजारा 3. नीतू बंजारे 4. अन्य हितबद्ध पक्षकार
विषय:– सीमांकन/ बटांकन में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भ:– न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ ना.तह. सकरी के ज्ञापन दिनांक 22.05.2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.न. 43. रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा न. 0.0120 एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी हरीश पाल पिता नथई राम पाल निवासी बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/ बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन दिनांक 22.01.2026 को लगभग 11.00 बजे से 05.00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि सम्बंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। अतः सूचना जाने।

टीप:– विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ बटांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। 1. तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।

राजस्व निरीक्षक, सकरी
तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

---

**संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.)**

धारा–30 (ख) के अधीन भूखण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री देवेन्द्रपाल सिंह मक्कड़ पिता अमरजीत सिंह मक्कड़ एवं श्रीमती जतिन्दर मक्कड़ पति देवेन्द्रपाल सिंह मक्कड़ निवासी एल 304 साकेत अपार्टमेंट मगरपारा रोड अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) ग्राम–तिफरा का आवेदन दिनांक 12.01.2026 द्वारा ग्राम–तिफरा के खसरा क्रमांक 15000/204,15000/213, कुल रकबा 400.184 वर्गमीटर हेतु पत्र क्रमांक 4315, दिनांक 02.08.2024 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक G–157, G–158, क्षेत्रफल 400.184 वर्गमीटर के स्वामी है और उनके द्वारा उपरोक्त भूखंडों के विलय हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा संविलियन किये जा रहे भूखंडों का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.) न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, द्वितीय तल, कलेक्ट्रेट परिसर, बिलासपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

प्र. संयुक्त संचालक
नगर तथ ग्राम निवेश बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/वा./अति.तह. /2026
बिलासपुर, दिनांक 20/01/2026

ग्राम मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के पत्र क्र.2430/एफ–4/सात–/2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13.08.20 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नम्बर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदक गुरुकृपा डेवलपर्स द्वारा भागीदार चित्रसेन सिंह पिता स्व.बी.एस. सिंह निवासी राजकिशोर नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर की स्वयं की भूमि मौजा मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित है जिसका 1995/4, 1995/5, 1995/6, 1995/7 रकबा क्रमशः 0.0260, 0.0600, 0.0444, 0.0446 हे. भूमि को एकीकृत करने हेतु आवेदन पत्र, शपथपत्र, बी–1, खसरा, नक्शा सहित प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 05/02/2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 20/01/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 14.01.2026
ग्राम तालापारा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तालापारा प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका हसीना बेगम पिता/ पति शेख रज्जाक निवासी ग्राम तालापारा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा शिशु/ मृतक/ मृतिका हसीना के जन्म/ मृत्यु दिनांक 28.06.1971 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 28.01.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**उपस्थिति की सूचना**
-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र. 202501070800019/2024-25
ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 24 तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.

प्रति, 1. अभिषेक सुल्तानिया पिता पवन कुमार सुल्तानिया निवासी–आर/1, विनोबा बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 2. चन्द्रचूण त्रिपाठी पिता दिनेश कुमार त्रिपाठी निवासी – मकान नंबर ए/एस–82, अज्ञेय नगर बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

सुमित्रा देवी वगैं. बनाम अभिषेक सुल्तानिया वगैं.

एतद् द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुमित्रा देवी पति स्व. बिहारी, सुशीला कुरवाहा पिता स्व. बिहारी, गुरूप्रसाद कुशवाहा पिता स्व. बिहारी सभी निवासी मकान नंबर–445, वार्ड नंबर–06, न्यू डबल स्टोरी, जमुना कॉलरी, थाना भालुमाड़ा तहसील व जिला अनुपपुर म.प्र. के द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 752/1 रकबा 0.1990 हे. में से 1800 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण के पिता ने पंजीकृत बैनामा दिनांक 15/06/2016 के जरिये कय कर अपने नाम पर पंजीयन कराकर पंजीयन दिनांक से कब्जा में चले आने का हवाला देते हुए वर्तमान में आवेदकगण के पिता का फौत होने के कारण वारिसान हक में वादभूमि को अपने नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये है।

उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमे दिनांक 21/01/26 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दाव आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 07/01/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार, तखतपुर

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

प्रारूप ''ख'' (नियम 2 देखिए)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-27
ग्राम सेमरताल प.ह.नं. 24

क्यों कि मौजा सेमरतात प.ह.नं. 24 तहसील व जिला–बिलासपुर (छ.ग.) के सह–भूधारी मुनिन्द दास मानिकपुरी पिता स्व. घांसीदास ने निम्न अनुसूची से विनिर्दिष्टि खाते में अपने भाग में बंटवारे के हेतु आवेदन किया है, तथा क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित किया गया है और सुनवाई दिनांक 06/02/ 2026 स्थान तहसील कार्यालय बिलासपुर पर 10.30 बजे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को स्वयं या किसी अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां प्रस्तुत न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा?

खाते का विवरण
सर्वेक्षण अंक/भू–खंडाक 346, क्षेत्रफल भू–राजस्व 0.1140 हे.
दिनांक 14/01/2026

तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक / 79
/अ–20(1)/2025–26

पक्षकार ओमप्रकाश अग्रवाल पिता– जगदीश प्रसाद अग्रवाल आवेदक

**विरुद्ध**

छत्तीसगढ़ शासन . –अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि आवेदक ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी तारबहार पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जूना बिलासपुर शीट नंबर 37 प्लाट नं. 3/27 रकबा 2000 वर्गफुट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके ... नाम से स्वीकृत हैं। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31/3/1994 के लिये आवेदक/आवेदिका अगले 30 वर्षो के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है ।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 04/02/2026 को स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात् तिथि / समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा ।

आज दिनांक 19/1/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

ग्राम सरसेनी तह. सकरी
जिला–बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम सरसेनी को सूचित किया जाता है आवेदक अनिल कुमार नायक पिता स्व. श्री लक्ष्मण प्रसाद निवासी ग्राम सरसेनी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सरसेनी प.ह.न. 39, रा.नि.मं. अमसेना स्थित भूमि ख.न. 266 रकबा 0.098 हे. भूमि नामांतरण पंजी क्रमांक 3 वर्ष 2001–02 प्र.क्र. आ. दिन. 11.11.2001 अनुसार आपसी बटवारे से आवेदक को प्राप्त भूमि है। यह कि वाद भूमि ख.न. 266 रकबा 0.4050 हे. के साथ खसरा न. 334 रकबा 0.9110 हे. भूमि स्वामी पिता – वर्ग सामान्य जोकि त्रुटिपूर्ण है। खसरा न. 266 रकबा 0.4050 हे. के स्थान पर सही रकबा 0.0980 हे. एवं खसरा न. 334 रकबा 0.9110 हे को उक्त खाता से पृथक कर रिकार्ड दुरूस्ती करने हेतु आवेदन छ.ग. भू–राजस्व की संहिता 1959 की धारा 115 के अंतर्गत माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर में पेश किया है। जांच, हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 3.02.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.1.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकर्रा तहसील सकरी

---

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार रविशंकर अग्रवाल पिता विशम्भर अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी बिल्हा वार्ड नंबर 02 तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसधारण के लिये आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि भूमि स्वामी रामचंद कौशिक, दिलीप कौशिक, प्रमोद कौशिक पिता बाबूलाल कौशिक, बाबूलाल कौशिक पिता झनकराम जाति कुर्मी निवासी ग्राम – परसदा (ति) तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. अपने नाम की शामिलात खाता की भूमि ग्राम– बिटकुली प.ह.नं. 18 तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 131/5, 131/6, 131/15, रकबा क्रमशः 0.389, 0.291, 0.494 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 131/7 रकबा 0.041 हेक्टेयर भूमि उक्त भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी से क्रय करने का पक्का सौदा इकरार बयाना राशि दिया गया है, निकट भविष्य में विधिवत रजिस्ट्री बिक्री पंजीयन कराया जायेगा।

उक्त सौदे बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जानें
दिनांक 21/02/26

भवदीय
रामनाथ वर्मा (अधिवक्ता)
नगर तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग.
मो. 6260834255

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 18/01/2026

1. आवेदक उमाशंकर कश्यप पिता स्व. बृज कुमार कश्यप आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
2 विमला पति राजेन्द्र प्रसाद कश्यप सा. लिगियाडीह 3 शिवशंकर कश्यप सा. जूना बिलासपुर 4. सत्यपाल सा. दयालबंद

विषयः– सीमांकन में उपस्थिति बाबत। एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

संदर्भः – न्यायालय तहसीलदार / बा. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक / Q तह/ना तह/वा. / 2025 बिलासपुर, दिनांक 14/04/2025

ग्राम लिंगियाडीह प.ह.न. 31 जिला–मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 129/9 रकबा 0.0470 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक उमाशंकर कश्यप निवासी करबला रोड के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 29.01.2026 को समय 10 से 05 के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक मोपका
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक- मुंगेली (ग्रा.) तहसील व जिला - मुंगेली (छ.ग.)**
**// सूचना //**

न्यायालय अति. तहसीलदार मुंगेली के ज्ञापन क्र. 01 दिनॉक 26/12/25 के अनुसार आवेदक मनोज जायसवाल पिता/पति रामलाल निवासी लोरमी द्वारा ग्राम नेवासपुर प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. मुंगेली (ग्रा.) तहसील मुंगेली स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 23/1, 23/2 रकबा 0.841 हेक्ट. का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालय अति. तहसीलदार क/अति./तह./ वा/ 25-26 के आदेशानुसार उक्त आवेकदित खसरा का सीमांकन मौके पर दिनॉक 23/01/2026 को 11:30 बजे किया जायेगा।

अतः आप आवश्यक दस्तावेज के साथ स्थल पर उपस्थित रहें। सूचना उपरांत भी मौके पर अनुपस्थित रहने पर नियत तिथि को आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। सीमांकन के निर्धारित तिथि के पूर्व हितबद्ध पक्षकार अपना दावा/आपत्ति सक्षम न्यायालय में दर्ज करा सकता है।

प्रति, 1. तरूण आ. होरीलाल 2. परस सप 3. ईशु पि. रामाधार उर्फ सीताराम सप्र 4. ग्राम कोटवार 5. लेखाराम पि. पुन्निराम 6. अंजोरा बाई/ भोकवाराम 7. रमा बाई/गज्जू 8. गोपि नारवानी/झम्मट 9. अभिषेक सोनकर सन्त 10. केशव आ. होरीलाल 11. अष्टकुमार/देवचरण 12. रविकुमार/ रामसुमेर 13. नाहेलाल/जिवन 14. नंदकुमार/ जिवन 15. रामसुंदर/भवरा 16. इलेश कुमार/ रामकुमार 17. ग्राम पंचायत नेवासपुर एवं अन्य समस्त हितबद्ध पक्षकार

राजस्व निरीक्षक
मुंगेली (ग्रामीण) पण्डरभट्ठा

---

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय-मरवाही, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मै फातिमा बेगम पति कमाल खान, जाति–मुस्लिम, उम्र–67वर्ष, निवासी वार्ड क. 08, नगर पंचायत–मरवाही, थाना व तहसील–मरवाही, जिला–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ.ग.) की निवासी होकर निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ:–

1. यह कि मै वार्ड क. 08, नगर पंचायत मरवाही, थाना व तहसील–मरवाही, जिला–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ.ग.) की निवासी हूँ। मेरे परिवार की उपजाति शेख है। पूर्व में मेरे द्वारा पासपोर्ट कार्यालय रायपुर से फातिमा बेगम शेख के नाम से पासपोर्ट बनवाया गया था। जिसका पासपोर्ट नंबर – M0899694 है, जारी करने का दिनांक 17.09.2014 एवं समाप्ति दिनांक 16.09.2024 था।

2. यह कि मैं सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला के पद पर 31 अगस्त 2020 को सेवा निवृत्त हुई हूँ। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में फातिमा बेगम पति कमाल खान अंकित है।

3. यह कि मैं अपनी पासपोर्ट का नवीनीकरण फातिमा बेगम पति कमाल खान के नाम से कराना चाहती हूँ। जिसकी समाप्ति दिनांक 16.09.2024 था।

4. यह कि फातिमा बेगम शेख पति कमाल खान एवं फातिमा बेगम पति कमाल खान दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है।

हस्ता. शपथकर्ता फातिमा बेगम

**सत्यापन**

मै फातिमा बेगम उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से लेकर 04 तक में लिखी बाते मेरे स्वयं की जानकारी में सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 23.12.2025 को स्थान–मरवाही में अपना हस्ताक्षर कर निष्पादित किया।

सत्यापनकर्ता फातिमा बेगम

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता पिताम्बर सिंह राज । पिता –राम सिंह राज पता कोरेतरा – जांजगीर चांपा का निवासी है उनके निर्देशानुसार ग्राम – घोघाडीह हल्का–22 रा.नि.– गनियारी – तहसील – सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग) में है, रकबा हेक्टेयर खसरा न. 962/2-405 962/1-405,969/2-704,972/2-126 कुल – 4.10 एकड़ विक्रेता – खोमन गिरी गोस्वामी पिता–बालक गिरी गोस्वामी पताः सहगल गली विनोबा नगर बिलासपुर (छ.ग.) से पक्का सौदा तय हुआ है जिसकी निकट भविष्य में सीमाकन होना है यदि किसी बैंक संस्था, व्यक्ति विशेष को किसी भी प्रकार की अपत्ति हो सूचना अवधि दिनांक 07 दिवस के भीतर दस्तावेज के साथ अपनी अपत्ति दर्ज कर सकते है सूचना अवधि समाप्त हो जाने पर की गई आपत्ति शुन्य मानी जावेगी सो सूचना से अव अवगत होवे

भवदीय
संगीता तिवारी (अधिवक्ता)
अभिषेक नगर, गली नं.-8
मंगला, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. नं. 9399700430

---

**AFFIDAVIT**

I, Kamal Khan alias Barkatulla, Muslim, aged 64 years, resident of Ward No. 08, Nagar Panchayat Marwahi, Police Station and Tehsil Marwahi, District Gaurela-Pendra-Marwahi (Chhattisgarh), do hereby solemnly affirm and state as under:

That I am a permanent resident of Ward No. 08, Nagar Panchayat Marwahi, Police Station and Tehsil Marwahi, District Gaurela-Pendra-Marwahi (C.G.).

My family surname is Sheikh. Earlier, a passport was issued to me from the Passport Office, Raipur in the name of Kamal Khan Sheikh.

My passport number is M 5285808, which was issued an 19.02.2015 and expired on 18.02.2025.

That I retired from the post of Headmaster, Primary School on 01 July 2023.

In all my educational certificates, Aadhaar Card, and PAN Card, my name is recorded as Kamal Khan alias Barkatulla.

That I wish to get my passport renewed in the name of Kamal Khan alias Barkatulla, which expired on 18.02.2025.

That Kamal Khan Sheikh alias Barkatulla and Kamal Khan alias Barkatulla are the names of one and the same person.

**VERIFICATION**

I, Kamal Khan, the above-named deponent, do hereby verify that the contents of paragraphs 1 to 4 of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief. Verified and signed at Marwahi on this 23rd day of December, 2025.

Signature of Deponent
(Kamal Khan)
Signature of Identifier

---

**AFFIDAVIT**

I, Fatima Begam, wife of Kamal Khan, Muslim, aged 67 years, resident of Ward No. 08, Nagar Panchayat Marwahi, Police Station and Tehsil Marwahi, District Gaurela-Pendra-Marwahi (Chhattisgarh), do hereby solemnly affirm and state as under:

That I am a permanent resident of Ward No. 08, Nagar Panchayat Marwahi, Police Station and Tensil Marwahi, District Gaurela-Pendra-Marwahi (C.G.).

My family surname is Sheikh. Earlier, a passport was issued to me by the Passport Office, Raipur in the name of Fatima Begam Sheikh.

My passport number is M0899694, which was issued on 17.09.2014 and expired on 16.09.2024.

That I retired from the post of Assistant Teacher, Primary School on 31 August 2020.

My name is recorded as Fatima Begam wife of Kamal Khan in my Aadhaar Card and PAN Card.

That I wish to get my passport renewed in the name of Fatima Begam wife of Kamal Khan, which expired on 16.09.2024.

That Fatima Begam Sheikh wife of Kamal Khan and Fatima Begam wife of Kamal Khan refer to one and the same person.

**VERIFICATION**

I, Fatima Begam, the above-named deponent, do hereby verify that the contents of paragraphs 1 to 4 of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief. Verified and signed at Marwahi on this 23rd day of December, 2025.

Signature of Deponent
(Fatima Begam)
Signature of Identifier

---

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय-मरवाही, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मै कमाल खान आ. बरकततुल्ला, जाति–मुस्लिम, उम्र–64वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 08, नगर पंचायत–मरवाही, थाना व तहसील–मरवाही, जिला–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ.ग.) का निवासी होकर निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ:–

1. यह कि मै वार्ड क. 08, नगर पंचायत मरवाही, थाना व तहसील–मरवाही, जिला–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ.ग.) की निवासी हूँ। मेरे परिवार की उपजाति शेख है। पूर्व में मेरे द्वारा पासपोर्ट कार्यालय रायपुर से कमाल खान शेख के नाम से पासपोर्ट बनवाया गया था। जिसका पासपोर्ट नंबर– M 5285808 है, जारी करने का दिनांक 19.02.2015 एवं समाप्ति दिनांक 18.02.2025 था।

2. यह कि मै प्रधानपाठक प्राथमिक शाला के पद पर 01 जुलाई 2023 को सेवा निवृत्त हुआ हूँ। मेरे समस्त शैक्षणिक अंकसूची प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड में कमाल खान आ. बरकततुल्ला अंकित है।

3. यह कि मैं अपनी पासपोर्ट का नवीनीकरण कमाल खान आ. बरकततुल्ला के नाम से कराना नादर चाहता हूँ। जिसकी समाप्ति दिनांक 18.02.2025 था।
शुमार गुप्ता

4. यह कि कमाल खान शेख आ. बरकततुल्ला एवं कमाल खान आ. बरकततुल्ला दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है।

हस्ता. शपथकर्ता कमाल खान

**सत्यापन**

मै कमाल खान उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से लेकर 04 तक में लिखी बाते मेरे स्वयं की जानकारी में सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 23.12.2025 को स्थान–मरवाही में अपना हस्ताक्षर कर निष्पादित किया।

सत्यापनकर्ता कमाल खान

---

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



## शिविर

### अनन्य दिवस : स्वास्थ्य शिविर में 172 लोगों ने कराई जांच



**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा कोनी सेंदरी में पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु का अनन्य दिवस भक्तिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान समूह द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 172 लोगों की जांच कर मुफ्त दवाई देकर आवश्यक परामर्श दिया गया। सर्वप्रथम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु की तैल चित्र में माल्यार्पण, पूजन, आरती, हवन पश्चात सफल योनी का पाठ किया गया। इसके बाद लघु गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों ने अनन्य दिवस के बारे में जानकारी दी। अंत में प्रसाद बांटा गया। इसके बाद सीएचएमओ डॉ. सुभ्रा गरेवाल के नेतृत्व में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 172 लोगों की जांच कर आवश्यक दवाई व परामर्श दिया। इसमें 35 मरीज बीपी शुगर एवं सिकलसेल के 4 बच्चे संदेहास्पद मिले। केलोस्ट्राल, केल्शियम व शुगर के 32 लोगों का ब्लड सेंपल लिया गया। आंख संबंधी 56 लोगों की जांच हुई। जिसमें 8 पूर्ण व 8 अर्द्ध मोतियाबिंद से संक्रमित मिले। जिन्हें उचित सलाह व दवाई दी गई। साथ ही 40 लोगों को चश्मा भी दिया गया। 1 दिव्यांग को वाकर एवं 3 वृद्धजनों को स्टिक प्रदान की गई।

## धर्म-क्षेत्र

### दो सौ से अधिक घरों में कराया गया गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ



**बिलासपुर।** वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा व पावन अखंड ज्योति जन्म शताब्दी वर्ष अंतर्गत शहर के 217 घरों में एक साथ गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया। महायज्ञ गायत्री शक्तिपीठ बिलासपुर, समस्त प्रज्ञा पीठ एवं जिला समन्वय समिति गायत्री परिवार बिलासपुर के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। अखंड ज्योति, युग निर्माण योजना, प्रज्ञा अभियान सदस्यता हेतु संपर्क एवं देव स्थापना कार्य भी सफल रहा। आयोजन में हेमराज वैश्य मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, नंदिनी पाटनवार जिला समन्वयक गायत्री परिवार, जागेश्वरी, बृजेश साहू, आशा सुल्तानिया, नलिनी, रामगोपाल कश्यप, रामकुमार श्रीवास, पदमा, द्वारिका प्रसाद पटेल, दिनेश सिंह, लखन सिंह राजपूत, ओम सिंह, शकुंतला, विनोद साहू, वेद प्रकाश थवाईत, पद्मलोचन श्रीवास, पीएल कुर्मी, नारायण प्रसाद पाली, सीताराम श्रीवास, रामकुमार साहू, श्री मारू, सुरेश बैसवाडे, रंजीत गढ़ेवाल, उधो राम प्रजापति, जमुना कश्यप, सुखदेव कौशिक, छेदीलाल कश्यप, सोनसाय साहू, सुनीता भारत रानी पाठक का सहयोग रहा।

## कार्यक्रम

### हिंदू का सम्मेलन में नृत्य गायन की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** टिकरापारा दयालबंद बस्ती का हिंदू का सम्मेलन कार्यक्रम को शिव टाकीज के पास अटल वाटिका में आयोजित किया गया, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महावीर प्रचारक एवं प्रांत संग्रहालय प्रमुख अध्यक्ष सुनंदा यशवंत तिजारे सेवानिवृत प्राचार्य डीपी विप्र महाविद्यालय एवं कृष्णा रजक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। आयोजन समिति के रौनक केसरी ने बताया कि कार्यक्रम में संस्कृत बौद्धिक नृत्य गायन एवं अनेक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। मुख्य वक्ता द्वारा भारत की गौरव गाथा से परिचित करते हुए अनेक भारतीय भाषा एवं वेशभूषा संस्कृति तथा वैदिक योगासन की महत्व पर भौतिक प्रदान किया उन्होंने यह भी बताया कि योग द्वारा कैंसर जैसी बीमारी से भी उपहार भारत के पास सदियों से प्राप्त है।लेकिन हम भारतवासी अपने ही उपचार पद्धति पर विश्वास नहीं करते और यही बातें अन्य विदेशी के लोगों द्वारा बताए जाते हैं जो कि हमारे देश से जानकारी प्राप्त कर ज्ञान देते हैं। कार्यक्रम में रौनक केसरी,पंकज सोनी, प्रतीक देवांगन,नीरज जोशी,आशुतोष गोयल,अभिषेक गोयल, बिंदिया विश्वकर्मा,उषा विश्वकर्मा जागरूक किया गया।

## प्रतिभा

### मास्टर शेफ में भाई-बहनों ने बनाई जगह, शौक से मुकाम किया हासिल



**बिलासपुर।** मास्टर शेफ में यास्मीन, महफूज ने कड़ी मेहनत और कड़े मुकाबलों के साथ जंगल भोज व्यंजन के माध्यम से अंतिम 12 जोड़ी में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। दोनों ने इस व्यंजन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा दिया है। मास्टर शेफ इंडिया बनाना अपने आप में एक चैलेंज है। इसी चैलेंज को लेकर कोनी निवासी यास्मीन, महफूज और मंसूर तीनों बचपन से मेहनत कर रहे है। इनकी मेहनत रंग लाई है। यास्मीन, महफूज के पिता अब्दुल कादिर सेवानिवृत निरीक्षक फॉरेस्ट विभाग और मां सरवरी बानो गृहिणी ने संयुक्त रूप से बताया कि बचपन से ही इन्हें नए-नए पकवान बनाने का शौक रहा और यह शौक आज इन्हें इस मुकाम तक पहुंचा दिया। इस प्रतियोगिता में भारत से कुल 56 जोड़ियां शामिल हुई। महफूज वेटनरी डॉक्टर और यास्मीन गृहिणी है।

# पुलिस ग्राउंड में रिहर्सल, सीएम साय लेंगे सलामी

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को उत्साह से मनाया जाएगा। इसकी व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। पुलिस ग्राउंड में परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने निरंतर रिहर्सल की जा रही है।

**पहली बार मुख्यमंत्री लेंगे परेड की सलामी**





**बिलासपुर।** गणतंत्र दिवस देश के गौरव, एकता और संविधान के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो हर भारतीय को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। गणतंत्र दिवस की कहानी भारत के संविधान लागू होने और देश के पूर्ण गणतंत्र बनने की है। जिसे 1930 में पूर्ण स्वराज की घोषणा की ऐतिहासिक तिथि को सम्मान देने के लिए चुनी गई थी। इस बार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय परेड की सलामी लेंगे। इसलिए सरकारी अमला अच्छी तैयारी कर रहा है।

इस दिन 1950 में डॉ राजेंद्र प्रसाद ने पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य बना। इसके बाद से हर साल यह दिन धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें कर्तव्य पथ पर भव्य परेड होगी और देश के शहीदों को याद किया जाएगा। इसी क्रम में शहर में इस दिवस को मनाने भव्य तैयारियां हो रही है। शासकीय संस्थानों को तिरंगा आयटमों से सजाए जा रहे हैं। राम सेतु व इंदिरा सेतु में तिरंगे कलर की लाईटिंग की जाएगी। शिक्षण संस्थानों के अलावा घरों में तिरंगा फहराए जाएंगे। बच्चों, युवाओं के हाथ में तिरंगा देखा जा सकता है। इससे पूरा शहर तिरंगामय हो जाता है।

**तिरंगा आयटमों की बढ़ी मांग**

गणतंत्र दिवस के मद्देनजर शहर के ईदगाह चौक, गोल बाजार में तिरंगा आयटमों की दुकानें सजकर तैयार है। विक्रेता पीयूष सागर ने बताया कि इस पर्व पर तिरंगा युक्त हर चीज की मांग बढ़ जाती है। इसमें छोटे-बड़े झण्डे, स्टीकर, रीबन, बैलून, कंगन, चूड़ी, बक्कल, ब्रोंच आदि चीजों की लोग जमकर खरीददारी करते हैं। इन सभी चीजों का उपयोग सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी ज्यादा करते हैं। मूक बधिर पीयूष थर्माकोल से भी तिरंगा आयटम बनाने में माहिर है। गणतंत्र दिवस आते ही उन्हें इसके लिए ऑर्डर मिलने लगता है।

**बच्चे कर रहे रिहर्सल**

पुलिस ग्राऊण्ड में परेड एवं पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागी बच्चे हर दिन जाकर निरंतर रिहर्सल कर रहे हैं। इसका फायनल रिहर्सल 24 जनवरी को है। ये चयनित बच्चे अलग-अलग स्कूलों के होते हैं। जिनकी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की थीम संदेशात्मक व प्रेरणादायी होती है।

## वसंत पंचमी 23 को, इस बार शुभ कार्य नहीं होंगे

**बिलासपुर।** वसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी को मनाया जाएगा,इसे लेकर मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है। देवी-देवताओं का विशेष श्रृंगार होगा, वहीं मंदिरों में पूजन किया जाएगा। पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बतायाकि प्रतिवर्ष बसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त मानकर देशभर में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन जैसे मांगलिक कार्य किए जाते रहे हैं, लेकिन इस वर्ष बसंत पंचमी पर कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे।



पंडित ने बताया कि माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को बसंत पंचमी कहा जाता है। इसी दिन खटवांग जयंती और तक्षक पंचमी का भी संयोग रहता है। सामान्यतः इस तिथि को विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य शुभ माने जाते हैं, किंतु शुक्र तारा अस्त होने से इस बार ये उपक्रम संभव नहीं होंगे। 23 जनवरी, शुक्रवार को आने वाली बसंत पंचमी पूर्व भाद्रपद नक्षत्र, परिघ योग तथा कुंभ के उपरांत मीन राशि में चंद्रमा की साक्षी में रहेगी। धर्मशास्त्र के अनुसार, शुक्र या गुरु का तारा अस्त होने पर विवाह जैसे संस्कार वर्जित माने जाते हैं। इसी कारण इस बार बसंत पंचमी पर विवाह का मुहूर्त नहीं बन रह है। हर वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर वसंत पंचमी मनाई जाती है। वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती पूजन से वाणी मधुर होती है, स्मरण शक्ति तीव्र होती है और विद्या में कुशलता मिलती है।

**पूजन मुहुर्त**

पंडित ने बताया कि पंचाग के अनुसार माघ शुक्ल पंचमी तिथि 23 जनवरी को रात 02:28 बजे शुरू होगी और 24 जनवरी को रात 01:46 बजे खत्म होगी। उदया तिथि के आधार पर बसंत पंचमी 23 जनवरी को मनाई जाएगी। पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 6:57 मिनट से दोपहर 12:21 मिनट तक रहेगा। छात्र व छात्राएं मां सरस्वती के साथ पुस्तक, कापी और कलम की पूजा करते हैं। संगीतकार वाद्ययंत्रों और चित्रकार अपनी तूलिका की पूजा करते है।

**वर्षों बाद ऐसा की शुभ कार्य नहीं**

पंडित ने बताया कि आमतौर पर पूरे भारत में बसंत पंचमी को अभुझ मुहूर्त मानकर मांगलिक कार्यों की परंपरा रही है, लेकिन इस बार परिस्थितियां भिन्न हैं। ऐसा बहुत वर्षों बाद हो रहा है, नहीं तो वसंत पंचमी पर बड़ी संख्या में शुभ कार्य होते है। पचांग में वसंत पंचमी, अक्ती व महाशिवरात्रि को अभुझ मुहुर्त माना जाता है।

**फाग महोत्सव की होगी शुरुआत**

बसंत पंचमी का पर्व बुद्धि और ज्ञान की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। इस दिन ज्ञान, संगीत और कला की साधना के लिए विशेष पूजा की जाती है। पीले वस्त्र, पीले फूल, बूंदी के लड्डू, मालपुआ, खीर और पीले चावल अर्पित किए जाते हैं। बसंत ऋतु के आगमन के प्रतीक इस पर्व पर मंदिरों में फाग महोत्सव की शुरुआत भी होती है, जहां भगवान को गुलाल अर्पित किया जाता है।

## साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग में भजनों की प्रस्तुति

**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य यजमान विधि बत्रा रही और अपना जन्मदिन वैदिक रीति से यज्ञ में वेद मंत्रों से आहुतियां देकर मनाया। यज्ञ के बाद दिल्ली से आए अशोक, सुषमा गुगलानी ने भजन प्रस्तुत किय।

यज्ञ में अरविंद गर्ग ने कहा कि समय बड़ा बलवान है। जो व्यक्ति समय का सदुपयोग करता है, वह आगे बढ़ता है। आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि समय का महत्व जीवन में सबसे ऊपर है क्योंकि यह एक अनमोल और सीमित संसाधन है जो एक बार चला जाए तो वापस नहीं आता। इसका सही उपयोग हमें सफलता और संतुष्टि की ओर ले जाता है जबकि इसका दुरुपयोग असफलता और पछतावे का कारण बनता है। समय का सही प्रबंधन व्यक्तिगत और सामाजिक सभी प्रकार से व्यक्ति को आगे बढ़ता है और लक्ष्य की ओर ले जाता है। समय एक ऐसा धन है। जिसे कमाया या वापस पाया नहीं जा सकता है। समय का सही प्रबंधन लक्ष्य निर्धारित करने, कार्यों को पूरा करने और जीवन में आगे बढ़ाने में मदद करता है। समय का पालन करने से व्यक्ति में अनुशासन, जिम्मेदारी और आत्मबल विकसित होता है। जितने भी महापुरुष एवं समाज सुधारक हुए हैं। उन्होंने समय का सदुपयोग किया है, इसलिए वे महान बने हैं।



**वार्षिक सम्मेलन, महायज्ञ 25 को**

आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने बताया कि रविवार 25 जनवरी को 10 से 2:00 बजे तक वार्षिक सम्मेलन एवं महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आर्य समाज का वार्षिक उत्सव के रूप में विशाल हवन, सत्संग होगा। इस कार्यक्रम में सांगोपांग वेद विद्यापीठ आर्ष गुरुकुल टटेसर दिल्ली के प्राचार्य, वेदों के विद्वान आचार्य हनुमत प्रसाद अथर्ववेदाचार्य आ रहे हैं। जिनका सानिध्य हमें प्राप्त होगा।

## नगर के आशुतोष ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में रचा इतिहास



**बिलासपुर।** बिलासपुर के ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई के कक्षा 11 वीं के 16 वर्षीय छात्र आशुतोष यदु ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में पूरे भारत में सबसे युवा प्रतिभागी के रूप में चयनित होकर न केवल अपने जिले और छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया, बल्कि एक स्कूली छात्र के लिए इतिहास रच दिया। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने केंद्र सरकार के निर्देशन में खेल एवं युवा मंत्रालय द्वारा आयोजित विकसित भारत यंग लीडर संवाद योजना देश के युवाओं के लिए सर्वोच्च मंच है।

इस वर्ष देश भर से 50 लाख से अधिक युवाओं ने इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में प्रतिभागिता करने के लिए आवेदन किया, जिसमें से कठोर चयन प्रक्रिया के बाद विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित मात्र 3000 युवाओं का चयन हुआ। इन 50 लाख आवेदनों में से चुने जाना अपने आप में एक असाधारण उपलब्धि है। श्रीमती अनुराधा यदु के सुपुत्र आशुतोष यदु ने न केवल चयनित प्रतिभागियों में स्थान बनाया, बल्कि पूरे देश में सबसे कम उम्र के प्रतिभागी बनकर बिलासपुर और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। 6 जनवरी को प्रदेश से चयनित आशुतोष यदु ने मुख्यमंत्री आवास में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव से मुलाकात की। उन्होंने झंडी दिखाकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए रवाना किया। 8 जनवरी से 12 जनवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में आशुतोश यदु को देश के सर्वोच्च पदाधिकारियों और विशिष्ट व्यक्तित्वों से भेंट करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ।

इस महोत्सव में युवा कल्याण एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, राज्य मंत्री रक्षा खड़से, राज्य मंत्री तोखन साहू, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, प्रशांत नायर से मुलाकात हुई।

## स्पोर्टर्स न्यूज

### खो-खो का ताज शिवम के नाम वॉलीबॉल में सत्यम ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में आयोजित खेल महोत्सव के षष्ठम दिवसअंतर-निकेतन खेल प्रतियोगिता में खेल भावना, अनुशासन और जुझारूपन का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ सुबह से लेकर दोपहर तक चले मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया।



महिला वर्ग के खो-खो फाइनल में सुंदरम की अल्पना, नीला एवं रेवती के शानदार खेल के बावजूद शिवम निकेतन ने कप्तान ज्ञान देवी बुडेक के सधे हुए नेतृत्व में तेज गति, सटीक रणनीति और शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए एकतरफा जीत दर्ज किया। इस मुकाबले में पल्लवी जाटवर की फुर्ती, संजना की चुस्त फील्डिंग, मनीषा कंवर की सटीक पकड़, मल्लिका मांझी की आक्रामक खेल शैली और टीम-वर्क ने जीत को यादगार बना दिया। पुरुष वर्ग के खो-खो मुकाबले में भी सत्यम की ओर से खेमराज एवं अश्वनी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया किन्तु शिवम निकेतन के योगेन्द्र कुमार, अरविंद प्रांजल महंत, शीतू सिंह और अजय पटेल ने जोश, फिटनेस और तालमेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आक्रामक खेल के दम पर सत्यम निकेतन को 11 अंको से करारी शिकस्त दी, जहाँ हर खिलाड़ी की तेज दौड़, सटीक टच और साहसिक डाइव दर्शकों की तालियाँ बटोरती रहीं।



**रोमांचक वॉलीबॉल खेल में मिली जीत**

दोपहर की पाली में वॉलीबॉल मुकाबलों ने प्रतिस्पर्धा को और भी रोचक बना दिया। महिला वर्ग में सत्यम निकेतन की वर्तिका जान, रीत और समिता ने बेहतरीन सर्विस, सटीक सेट-अप और दमदार स्मैश के साथ निर्णायक क्षणों में शानदार खेल दिखाते हुए 2–1 से जीत हासिल की। वहीं पुरुष वर्ग के वॉलीबॉल मैच में दिनेश, लारेंस मित्रा, अमर मलिक, विशाल, अनुराग खेस ने मजबूत ब्लॉक, शानदार रिसीव और बेहतरीन टीम संयोजन के साथ संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2–1 से विजय दर्ज की। पूरे दिन चले इन मुकाबलों में खिलाड़ियों की मेहनत, खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना ने प्रतियोगिता को गौरवपूर्ण और यादगार बना दिया।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दोनों बहनों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया

जम्मू में आयोजित सातवें राष्ट्रीय क्वान की दो चैंपियनशिप में अंबिकापुर में रहनी वाली दो बहनों ने अपने खेल और कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया, दोनों बच्चियों ने अपने- अपने भार वर्ग और सेमी कांटेक्ट इवेंट में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें वाणी जायसवाल उम्र 9 वर्ष, 33 किलो वर्ग, सेमी- कांटेक्ट में रजत पदक प्राप्त किया। वही दूसरी ओर राघवी जायसवाल उम्र 5 वर्ष ने 20 किलो वर्ग, सेमी- कांटेक्ट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। राघवी जायसवाल होली क्रॉस कान्वेंट स्कूल में कक्षा यू केजी की छात्रा है और वाणी जायसवाल कार्मेल स्कूल की कक्षा 4 की छात्रा है। वहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दोनों बहनों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। इन दोनों बच्चियों के अद्भुत खेल प्रदर्शन से उनके परिजनों में खुशी का माहौल है वहीं उनके के पिता अजेय जायसवाल ने बच्चियों का उत्साहवर्धन करते एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे आने वाली अनेकों खेल प्रतियोगिताओं में दोनों बच्चियां अपना कौशल दिखाएंगी और अपने राज्य का नाम रौशन किया।



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस अध्यक्षों का पदभार ग्रहण समारोह आज

**बिलासपुर।** संगठन सृजन अभियान अंतर्गत नए शहर कांग्रेस अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष ग्रामीण की नियुक्ति होने के डेढ़ महिने बाद बुधवार को पदभार ग्रहण समारोह होने जा रहा है। नवनियुक्त अध्यक्षों के पदभार ग्रहण समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव शामिल होंगे। नए अध्यक्षों के पदभार ग्रहण समारोह की तैयारी कांग्रेस भवन में चल रही है और कांग्रेस भवन को नए सिरे से रंगरोगन कराया गया है।
अखिल भारती कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान तहत छत्तीसगढ़ के जिला व शहर संगठन में अध्यक्षों को बदल दिया गया था और 41 नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। इसमें बिलासपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष युवा सुद्धांशु मिश्रा को बनाया गया है। इसी तरह महेन्द्र गंगोत्री को जिलाध्यक्ष ग्रामीण नियुक्त किया गया है।

### कलेक्टर-एसएसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में आज लगभग 70 से 80 आवेदन प्राप्त हुए। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत विद्याहीह के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में लगे शासकीय हैण्डपंप पर ओम पटेल द्वारा अवैध कब्जा कर निजी उपयोग किया जा रहा है। कलेक्टर ने पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता को मामले की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए है। ग्राम पंचायत ओखर की सरपंच ने ग्राम पंचायत में सचिव की नियुक्ति के लिए कलेक्टर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि सचिव नहीं होने से गांव के विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। जनपद पंचायत सीईओ को मामले को सौंपा। शहर के वसुंधरा नगर वार्ड क्रमांक 19 के निवासियों ने कॉलोनी में सड़क एवं नाली निर्माण की मांग की है।

### आईटीआई में प्लेसमेंट कैम्प 22 जनवरी को

**बिलासपुर।** आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोनी के न्यू भवन में 22 जनवरी को सुबह 10 बजे से फिल ग्रुप स्टील इंडस्ट्री घुटकू द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, आटोमोबाइल एवं कोपा व्यवसाय के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने सभी दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते हैं। प्रशिक्षणार्थी आईटीआई कोनी में संपर्क कर सकते हैं।

### ठंड गायब, पंखा चलाने की नौबत

**बिलासपुर।** धूप के तेवर तीखे हो रहे है, मंगलवार को अचानक न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की बढ़त देखी गई। ठंड का असर कम हो चुका है, और गर्म कपड़े के बगैर भी बाहर निकलने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान भी बढ़ चुका है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया। इस दौरान शाम के समय लोगों को पंखा चलाने की नौबत आ चुकी है। दिन में भी सूरज के सीधे संपर्क में आते ही गर्माहट का एहसास हो रहा है ऐसे में दिन में गर्म कपड़े की जरूरत नहीं है।

---

**बनाया फर्जी दस्तावेज** | खमतराई के प्लाट को 30 से अधिक लोगों को बेच दिया, पुलिस पूछताछ में जुटी

# सरकारी जमीन को प्लाटिंग कर बेचकर करोड़ों की ठगी करने वाला जमीन दलाल व्यापार विहार के होटल में पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खमतराई की सरकारी जमीन का पहले फर्जी दस्तावेज बनाया। इसके बाद प्लाटिंग कर 30 से अधिक लोगों को बेच भी दिया।

मामले में 6 महीने से फरार आरोपी को सरकंडा पुलिस ने तारबहार क्षेत्र के एक होटल से पकड़ लिया। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सरकंडा पुलिस के मुताबिक वर्ष 2022 - 22 में टिकरापारा निवासी जमीन दलाल नदीम खान ने अन्य साथियों के साथ मिलकर खमतराई की खसरा नम्बर 559/1 की सरकारी जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर प्लाटिंग करते हुए 37 लोगों को करोड़ों रुपए में बेच दिया था। इसमें से कुछ लोगों ने 40, 37, 42 लाख रुपए में जमीन खरीदी थी। जमीन रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की फाइल तहसील आफिस में लगी तो लोगों को फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। पीड़ितों ने जमीन दलाल से संपर्क



फाइल फोटो

किया तो उसने पैसा लौटाने का आश्वासन दिया। तीन साल तक लोगों को छोटी छोटी रकम देकर घूमाता रहा। उसके बाद वह मोबाइल बंद कर फरार हो गया। 22 पीड़ितों ने घटना की शिकायत आईजी, कलेक्टर, एसएसपी से की।

एसएसपी के निर्देश पर 6 माह पूर्व पीड़ितों की रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का अपराध कायम किया गया था। आरोपी के नहीं पकड़े जाने पर पीड़ितो ने फिर से अधिकारियों से मिलकर शिकायत की। अधिकारियों की सख्ती के बाद सरकण्डा पुलिस ने सरगर्मी से जमीन दलाल की तलाशी ली। मंगलवार को पुलिस ने व्यापार विहार के एक होटल में दबिश देकर जमीन दलाल नदीम खान को पकड़कर हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ करने में जुटी हुई है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, जमीन दलाल नदीम खान को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

---

अब ज्वाइंट डायरेक्टर ने भेजा कमिश्नर को पत्र

# वरिष्ठता सूची दरकिनार, अपात्रों को दिया प्रमोशन, शिकायत के बाद भी जांच नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





स्वास्थ्य विभाग में पदोन्नति के लिए सारे नियम कानून को दरकिनार कर कर्मचारियों के पदोन्नति और नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए है। महज 6 माह के भीतर हुए इस पदोन्नति घोटाला की परते खुलनी लगी है। वहीं कर्मचारियों के द्वारा लगातार जांच की मांग की जा रही है लेकिन संयुक्त संचालक ने हाथ खड़े कर अब मामला कमिश्नर के पास भेज दिया है।

- पूर्व जेडी पर लग रहे है लेनदेन के आरोप
- संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय का मामला

पूर्व जेडी पर लग रहे है लेनदेन के आरोपसंयुक्त संचालक संभागीय स्वास्थ्य सेवायें द्वारा नियम विरूद्ध पदोन्नति आदेश जारी करते हुए अपात्रों को प्रमोशन दे दिया गया है। अपात्र ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं महिला जारी वरिष्ठता सूची में हेर-फेर कर अयोग्य कर्मचारियों को प्रमोशन मिल चुका है, वहीं नवीन पदस्थापना में ज्वाइंनिंग भी दे चुके है। करीब 7 पात्र ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों को पदोन्नति से वंचित हो चुके है। इसी प्रकार संभाग में कार्यरत सहायक ग्रेड-3 से सहायक ग्रेड-2/जूनियर आडिटर / संगणक / कैशियर के पद पर शासन के नियमों के विपरीत पदोन्नति, अपात्र ड्रेसर ग्रेड-2 को बिना विभागीय प्रशिक्षण मेडिकल लैब टेक्नोलाजिस्ट के पद पर पदोन्नति किया गया है। खास बात यह है कि क्षेत्रीय एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र संभागीय संयुक्त संचालक के नियंत्रण में नहीं है, इसके बावजूद बीईटीओ का पद नहीं होने के बाद भी 2 महिला पर्यवेक्षक को पदोन्नत डीईटीओ किया गया है। मुख्य लिपिक का एक पद होने के बाद भी दो कर्मचारियों को रखा गया है। पिछले 6 माह के भीतर नियमों को ताक में रखकर कनिष्ठ एवं अपात्रों पदस्थापना दी गई है। जिससे कई कर्मचारियों के रोष पनपने लगा है। कर्मचारियों का गुस्सा इस कदर भड़क गया है कि वे संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन करने लगी है इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों और जन प्रतिनिधियो तक जा चुकी है।

#### अभी पत्र नहीं आया

'संयुक्त संचालक को पदोन्नति में हुई विसंगति के जांच के लिए कहा गया था, उन्होंने क्या किया है इसकी जानकारी नहीं है। मेरे पास जांच करने के लिए पत्र नहीं आया है।

**-सुनील जैन,** कमिश्नर

#### प्रभारी जेडी ने कर दिया प्रमोशन

खास बात यह है कि पिछले 1 माह में हुए प्रमोशन में जमकर भर्राशाही मचाई गई है। जेडी के पद में ऐसे अधिकारियों को बैठाया गया, जिन्हें महज 4 से 6 माह में सेवानिवृत्त किया जाना है। ऐसे में यह बात सामने आ रही है कि रूपए के लेनदेन से अपने चेहते कर्मचारियों को प्रमोशन दिया गया है। वर्तमान में प्रभारी जेडी डॉ अनिल गुप्ता ने 89 कर्मचारियों का प्रमोशन आदेश जारी किया है। जबकि जानकारों के अनुसार प्रभारी अधिकारियों को प्रमोशन का अधिकार नहीं होता है। वहीं जिन कर्मचारियों के आदेश जारी किए गए है उनमें भी विसंगति पाई गई है। रायगढ़, कोरबा और पथरिया जैसे जगहों पर पद नहीं होने के बाद 2 से 3 कर्मचारियों की पदोन्नति- पदस्थापना आदेश जारी किया गया है।

#### जेडी ने जांच के लिए कमिश्नर को लिखा पत्र

प्रमोशन को लेकर कर्मचारी में फैल रहे रोष को देखते हुए जेडी अनिल गुप्ता ने संभागायुक्त को पत्र लिखा है। जिसमें जेडी ने कहा है कि पदोन्नतिकर्ता अधिकारी स्वयं जेडी ही है ऐसे में जेडी कार्यालय से जांच किया जाना संभव नहीं है। ऐसे में अब जांच कमिश्नर को प्रमोशन के विषयों में जांच का अधिकार होगा।

#### वरिष्ठता सूची में नहीं है नाम

जेडी कार्यालय के लिपिक पद पर बैठे कर्मचारियों ने बड़े घोटाले को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि पदोन्नति के लिए वरिष्ठता सूची को ही बायपास कर दिया गया है। वरिष्ठता सूची में नाम नहीं होने के बाद भी कनिष्ठ को प्रमोशन दे दिया गया है। बिलासपुर में पदस्थ प्यून की ज्वाइंनिग 2006 में थी और 2015 में आरएचओ बनाया गया, लेकिन प्रमोशन में उसकी ज्वाइंनिग 2006 से लेकर पर्वेक्षक बनाया गया है। इसके बाद 2025 में हुए पदोन्नति में विसंगतियों के साथ प्रमोशन का लाभ दिया गया है। उदाहरणार्थ वरिष्ठता क्रमांक के सरल क्रमांक 14,15,16,17,18,20,21,22,23,24,25 इस तरह लगभग अधिकांश में पदोन्नति आदेश में दर्शित वरिष्ठता क्रमांक व वास्तविक वरिष्ठता सूची के क्रमांक में विसंगतिया है। बिलासपुर संभाग के बाहर से आये हुए कर्मचारियों को वरिष्ठता क्रम में स्थान दिया गया। वरिष्ठता सूची बनाते समय वर्तमान पद पर उपस्थिति दिनांक में कनिष्ठ कर्मचारियों को वरियता क्रम में उच्च स्थान दे दिया गया है।

---

फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग

# दो बच्चों की मां ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में फोटो वायरल करने की धमकी से महिला परेशान हो गई थी। त्रस्त महिला ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजन ने ब्लैकमेलिंग करने वाले लड़के के खिलाफ लिखित शिकायत थाने में दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



मृतिका

सकरी थाना क्षेत्र के लाखासार निवासी राधेश्याम यादव ने बताया, 12 साल पहले उन्होने गांव की रंजिता यादव से प्रेम विवाह किया। उनके दो बच्चे है। 19 जनवरी को दोपहर 3 बजे उनकी पत्नी रंजिता यादव ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने आरोप लगाया है सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में उनकी पत्नी रंजिता की तखतपुर खैरी निवासी सौरभ विश्वास से दोस्ती हो गई थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गया। इसी दौरान उसने दोनों की मोबाइल में फोटो ले लिया। उसके बाद वह उनकी पत्नी को फोटो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में वायरल कर बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। लोक लाज के भय से उनकी पत्नी ने अलग-अलग किस्तों में लगभग 2 लाख रुपए भी युवक को दे दिया। उसके बाद भी पैसा देने के लिए युवक दबाव बना रहा था। 19 जनवरी को युवक ने पैसा भेजने के लिए उनके पत्नी को मोबाइल में अपना बैंक एकाउंट व बार कोड भेजा था। पति ने मामले की लिखित शिकायत सकरी थाने में की है। इधर पुलिस ने मृतका का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मृतका का मोबाइल जब्त कर जांच में जुट गई है।

#### जेवर बेचकर दी पैसा

युवक के द्वारा लगातार ब्लैकमेलिंग से महिला डर गई और उसने पति व परिजन को बिना बताए अपने कीमती जेवर बेचकर उसे पैसा देने लगी। करीब दो लाख के जेवर बेचकर उसे पैसा दे चुकी थी। उसके बाद भी युवक उन पर लगातार पैसा देने के लिए दबाव बना रहा था।

#### युवक घर आता था

श्री यादव ने बताया कि उनकी पत्नी देर रात तक मोबाइल में बात करती थी। वह पूछताछ करते तो बात टाल देती थी। बातचीत के दौरान युवक ने उनकी पत्नी को प्रेम जाल में फंसा लिया। उसके बाद युवक उनके काम पर चले जाने के बाद उनकी पत्नी से मिलने के लिए उनके घर आता था। इसी दौरान युवक ने दोनों के साथ अपने मोबाइल में फोटो खींचकर रख लिया था।

#### परिजन ने ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया

पति व परिजन एक युवक पर मृतका को उनकी फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने डरा धमकाकर ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगा रहे है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-विजय चौधरी,** सकरी टीआई

---

# मैक्स लाइफ इश्योंरेंस को देना होगा एक करोड़ से अधिक का हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला उपभोक्ता फोरम ने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के खिलाफ निर्णय सुनाते हुए उपभोक्ता के पक्ष में आदेश पारित किया है। बीमा कंपनी के खिलाफ एक करोड़ से अधिक का हर्जाना देने का आदेश दिया गया है। फैसले में बीमा कंपनी द्वारा मृत्यु दावा निरस्त किए जाने को सेवा में कमी माना गया है।

जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य आलोक पाण्डेय ने बताया कि शिकायतकर्ता कौशल प्रसाद कौशिक ने अपनी पत्नी स्व. शैल कौशिक के नाम मैक्स लाइफ प्लेटिनम वेल्थ प्लान के अंतर्गत 1 करोड़ रुपए की जीवन बीमा पॉलिसी ली थी। उस पॉलिसी की शुरूआत 27 मई 2020 से हुई थी। वार्षिक प्रीमियम 10 लाख रुपए निर्धारित किया गया था। बीमा जारी करने से पहले बीमित महिला का समुचित चिकित्सीय परिक्षण भी कराया गया था। जिसमें उन्हें स्वस्थ बताया गया। 21 सितंबर 2020 को शैल कौशिक को कोविड 19 संक्रमण के चलते अपोलो हास्पिटल बिलासपुर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 11



- बीमा दावा निरस्त करना पड़ा महंगा

अक्टूबर 2020 को उनकी मृत्यु हो गई। इसके पश्चात शिकायतकर्ता ने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ बीमा कंपनी के समक्ष मृत्यु दावा प्रस्तुत किया| कंपनी ने यह कहते हुए दावा अस्वीकार कर दिया कि बीमित ने प्रस्ताव पत्र भरते समय अपनी पूर्व की गंभीर बीमारियों की जानकारी छिपाई थी। बीमा कंपनी का दावा था कि वर्ष 2016 से बीमित महिला हृदय रोग, डायबिटीज एवं अन्य बीमारियों से पीड़ित थी। जो प्रस्ताव पत्र में उल्लेखित नहीं की गई। शिकायतकर्ता का कहना था कि बीमा कंपनी द्वारा स्वयं मेडिकल परिक्षण कराया गया था और उस समय किसी भी प्रकार की गंभीर बीमारी नहीं पाई गई थी। साथ ही मृत्यु का प्रत्यक्ष कारण कोविड - 19 संक्रमण था, न कि कोई कथित पूर्व बीमारी। दोनों पक्षों की दलीले सुनने और अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद आयोग ने पाया कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही कि कथित बीमारियां पॉलिसी जारी होने से 8 माह के भीतर सक्रिय थी।

आयोग ने यह भी माना कि बिना ठोस आधार के दावा निरस्त करना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत सेवा में कमी है। आयोग ने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को निर्देश दिया है कि वह शिकायतकर्ता को बीमा राशि एक करोड़ 9 प्रतिशत ब्याज और 25 हजार रुप मानसिक क्षतिपूर्ति व 5 हजार रुपए वादव्यय अदा करे।

---

# सीयू में साहित्यकार के अपमान का ठीकरा फूटा एचओडी पर

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम में साहित्यकार मनोज रूपड़ा के अपमान का ठीकरा हिन्दी की एचओडी पर फूटा है।

साहित्यकार को आमंत्रित करने वाली यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की एचओडी डॉ. गौरी त्रिपाठी को विभागाध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर रमेश गोहे को एचओडी बनाया गया है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में साहित्य अकादमी नई दिल्ली एवं हिन्दी विभाग गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में 7 जनवरी को समकालीन हिन्दी कहानीः बदलते जीवन संदर्भ पर राष्ट्रीय परिसंवाद आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल अपना आपा खो बैठे थे और उन्होंने साहित्यकार मनोज रुपड़ा को अपमानित करते हुए कार्यक्रम से बाहर निकाल दिया था। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. चक्रवाल अध्यक्षीय उदबोधन दे रहे थे। कुलपति प्रो. चक्रवाल बोलते-बोलते विषयातंर हो गए और कथाकार मनोज रूपड़ा से पूछ बैठे कि आप बोर तो नहीं हो रहे हैं? इस पर श्री रूपड़ा ने उनसे कहा कि आप विषय पर बात करिए, इतना सुनते ही कुलपति चक्रवाल उखड़ पड़े और उन्हें बाहर करते हुए बाकी साहित्यकारों से भी कह दिया कि जिन्हें जाना हैं जा सकते हैं। इस घटनाक्रम के बाद साहित्य क्षेत्र में कुलपति की काफी आलोचना हुई। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि कोटा के विधायक अटल श्रीवास्तव एवं मस्तूरी क्षेत्र के विधायक दिलीप लहरिया ने उनके व्यवहार को गलत बताते हुए हटाने तक की मांग की।

- हिन्दी की विभागाध्यक्ष डॉ. त्रिपाठी हटाई गई

इस मामले में कुलपति पर तो कार्रवाई नहीं हुई, पूरे प्रकरण की गाज हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.त्रिपाठी पर गिर गई। उन्हें हटाकर एक असिस्टेंट प्रोफेसर को एचओडी बना दिया गया

### सड़क बनी प्रयोगशाला, पार्किंग से परेशानी

**बिलासपुर।** तारबहार चौक से गांधी चौक तक पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क का निर्माण किया गया है, सड़क बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार ने कई तरह की चूक को अंजाम दिया है। जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल तारबहार चौक स्थित होटल संचालकों के द्वारा सड़क पर ही पानी फेंका जाता रहा है, नाली नहीं होने के कारण सड़क पर अक्सर पानी भरने की नौबत आती है, लेकिन पीडब्ल्यूडी ने नाली निर्माण किए बगैर ही सड़क बनाई गई है। रविन्द्र नाथ टैगोर चौक की चौड़ाई सड़क के चौड़ाई के हिसाब से अधिक है, ऐसे में यहां जाम की स्थिति निर्मित होती है लेकिन सड़क बनाने से पहले आईलैंड की चौड़ाई भी नहीं घटाई गई है। जिससे स्थिति जस की तस बनी हुई है। 1 किमी की सड़क डामर से बनाई गई है, लेकिन होटल संचालकों की सुविधा को देखते हुए महज 20 से 30 मीटर की सड़क को कांक्रीट का बनाया गया है। यह सड़क की सामान्य ऊंचाई से अधिक है, ऐसे में सड़क का अलाइमेंट ही बदल गया है। वहीं सड़क पर अब पार्किंग लगने लगी है, जिससे आम लोगों को असुविधा झेलनी पड़ रही है।

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग के एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं में सुदृढ़ता व महामारी की चुनौतियों के लिए ब्लॉक चिकित्सा अधिकारियों और तकनीकी स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में मेडिकल ऑफिसर, आरएमए, लैब टेक्नीशियन, ब्लॉक डाटा मैनेजर और डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान महामारी सर्विलेंस की समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ शोभा गरेवाल तथा डिस्ट्रिक्ट सर्विलेंस ऑफिसर डॉ. रक्षित जोगी ने निगरानी की समीक्षा की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# मकान में जुआ खेलते 7 जुआरी पकड़े गए, 71 हजार रुपए जब्त

**बिलासपुर।** पुलिस ने एक मकान में दबिश देकर जुआ खेलते मकान मालिक सहित 7 जुआरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 71 हजार 850 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलवार को कोनी टीआई भावेश शेंडे को सूचना मिली कि देवनगर निवासी प्रमोद कौशिक पिता हरिराम कौशिक 32 साल के घर में जुआरी एकत्रित होकर जुआ में बड़े-बड़े दांव लगा रहे है। उन्होंने स्टाफ के साथ उक्त मकान में घेराबंदी कर दबिश देकर मकान के अंदर जुआ खेलते मकान मालिक प्रमोद कौशिक, रवि कौशिक



पिता स्व. सगरिया कौशिक 26 साल देवनगर, निक्कू राव उर्फ लिखिल राव पिता स्व. नरेन्द्र राव 23 साल देवनगर, देवेन्द्र सिंह ठाकुर पिता मानिक लाल ठाकुर 44 साल देवनगर, संतोष राजपूत पिता स्व. वीरू राजपूत 40 साल ज्योति विहार रामाग्रीन सिटी, मनोज महानंद पिता हरिश्चंद महानंद 49 साल अटल आवास मुक्तिधाम सरकण्डा, अतिश ताम्रकार पिता अशोक ताम्रकार 30 साल देवनगर बाम्बे आवास निवासी को पकड़ लिया है। उनके पास से 71 हजार 850 रुपए व 5 मोबाइल, 3 बाइक बरामद किया है।

#### पचपेड़ी में पकड़े गए 7 जुआरी

पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने मुखबिर की सूचना पर चिस्दा गांधी चौक के पास दबिश देकर जुआ खेलते मलेश पटेल, राजकुमार पटेल, मिलन पटेल, अकतराम पटेल, चंद्राम मरार, मोहितराम पटेल, रामदुलारी पटेल को पकड़ लिया है। उनके पास से 8 हजार 360 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों को दी गई मनरेगा बचाओ अभियान की जानकारी



**दगोरी।** मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत मंगलवार 20 जनवरी को दगौरी मंडल के ताला ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर कांग्रेसियों ने 'मनरेगा बचाओ अभियान' की जानकारी दी। पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, कार्यक्रम प्रभारी अमित यादव व ब्लाक अध्यक्ष गीतांजलि कौशिकने ग्राम पंचायत के ग्रामीण एवं रोजगार गारंटी में काम करने वाले मजदूरों के साथ अभियान के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ मानिकपुरी, सेक्टर अध्यक्ष हासिम खान, सेक्टर अध्यक्ष बिंदा निषाद, महासचिव युवा कांग्रेस बिल्हा दौलत साहू, सुरेश ठाकुर, रुपकुंवर निषाद, संतोषी साहू, बरातू राम यादव, प्रेम सागर मरकाम, सुरेश सिंह राजपूत, संजीव कुमार, राजेंद्र कौशिक, शिवराम निषाद, अमृत लाल चतुर्वेदी, गेंदराम भास्कर, हर प्रसाद बंजारे, प्रेम सागर मरकाम, रोहित निषाद, राम किशुन निषाद, बहोरन ध्रुव परदेशी निषाद, ओम प्रकाश जायसवाल, संजय निषाद, जगन्नाथ ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आदिवासी सम्मेलन में शामिल हुए भूरिया

**लोरमी।** आदिवासी सम्मेलन एवं अमर शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस पर खेकतरा प्लाट में



कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया शामिल हुए। साथ ही कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रेमसाय टेकाम, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, जनक ध्रुव, भानुप्रताप सिंह, आदिवासी कांग्रेस प्रदेश प्रभारी नरेश राठौर मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि का जगह-जगह धूमधाम से स्वागत किया गया, साख ही कार्यक्रम स्थल के पास आदिवासी संस्कृति एवं गाजे-बाजे के साथ अतिथियों का स्वागत हुआ। समाज को संबोधित करते हुए अतिथियों 'एक तीर एक कमान, सभी आदिवासी एक समान' एवं समाज को एकजुट करने आदिवासी ही देश की मूलनिवासी है जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर आदिवासी समाज से रामजी ध्रुव, दयाराम ध्रुव, शशि सिंह, हंसिका कुजुर, संतोष पावले, शुभम पेंद्रो जी, कुलदीप ध्रुव, विष्णु धुर्वे, कृष्णा पुशाम, देवा मार्को, सूरज कोल, भुनेश्वर ध्रुवृ, शिवकुमार मरावी, रामनारायण ध्रुव, चंद्रु ध्रुव, राजू नेताम, रामेश्वर ध्रुव, संदीप मरावी, उगेश्वर ध्रुव, सोनी ध्रुव, भागवत ध्रुव, लालू ध्रुव, महेंद्र ध्रुव, बृजभूषण ध्रुव, अरविन्द ध्रुव,रूप सिंह मरावी, मनोहर मरावी, इतवारी ध्रुव, महेश ध्रुव, भोला ध्रुव, सुनीता ध्रुव, सुनंदा ध्रुव रानु मरावी, पुष्पा ध्रुव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

### एसआईआर: कल तक ली जाएगी दावा-आपत्ति

**मुंगेली।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। इसके अंतर्गत सूची में नाम जुड़वाने व विलोपित कराने 22 जनवरी तक दावा-आपत्ति लिए जा रहे है। साथ ही 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले भावी मतदाता के रूप में फॉर्म 6 के द्वारा सूची में नाम जुड़वाने के लिए भी आवेदन लिए जा रहे हैं। इसके उपरांत 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। निर्वाचन विभाग से प्राप्त जानकारी के लिए अभी तक 5 हजार अधिक फार्म 6 तथा 5 फार्म 35 आवेदन प्राप्त किया गया है। मतदाता ईसीआईनेट एप डाउनलोड कर अथवा वोटर्स पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर एवं ओटीपी के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। पोर्टल पर नीव वोटर रजिस्ट्रेशन टैब के माध्यम से फॉर्म–6 एवं घोषणा पत्र भरने की सुविधा उपलब्ध है। मतदाताओं के लिए ऑफलाइन आवेदन की भी व्यवस्था है। अफलाइन आवेदन के लिए फॉर्म–6 एवं घोषणा पत्र संबंधित बीएलओ से प्राप्त कर भरकर उनके पास जमा किया जा सकता है। इच्छुक नागरिक वेबसाइट से भी फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि, वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए समय रहते अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। किसी भी प्रकार की सहायता अथवा जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

### रामदेव मंदिर में माघ मेला प्रारंभ

**मुंगेली।** श्रीबाबा रामदेव मंदिर में 20 जनवरी से माघ मेले का आयोजन किया जा रहा है। श्री रामदेव सेवा समिति की ओर से आयोजित यह 9 दिवसीय धार्मिक उत्सव 28 जनवरी तक चलेगा, जिसमें विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा के भक्त अपनी आस्था प्रकट करेंगे। समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मेले का शुभारंभ और समापन विशेष पूजा-अर्चना के साथ होगा। 23 जनवरी शुक्रवार माघ सुदी पंचमी के दिन वीरमदेव जी जन्मोत्सव एवं सरस्वती पूजन सुबह 9 बजे संपन्न होगा। इसके बाद रात्रि में भजनों की प्रस्तुति होगी। 25 जनवरी रविवार माघ सुदी सप्तमी पर सुबह 7:45 बजे से अखंड फेरी निकाली जाएगी।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में हो रही देरी पर कलेक्टर सख्त

# कार्यालय में अनुपस्थित तीन जनपद पंचायत सीईओ का कटेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



जिला कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन के दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण में हो रही देरी को लेकर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कड़ा रुख अपनाया। मुंगेली एवं लोरमी अनुविभाग से बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने राजस्व मामलों की अधिकता और लापरवाही पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

- मुंगेली व लोरमी के एसडीएम व तहसीलदारों को नोटिस

उन्होंने कार्यालय में अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही मानते हुए तीन जपं सीईओ के वेतन काटने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, राजस्व मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े, इसके लिए समय–सीमा में कार्य पूर्ण करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन की गंभीरता से जांच कर शीघ्र निराकरण करने तथा शिकायतकर्ताओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनदर्शन के दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आमजनों की समस्याएं और मांगें स्वयं सुनीं। इस दौरान 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इनमें ग्राम पालचुवा के बिहारी यादव द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण, ग्राम बिचारपुर के रामखिलावन यादव द्वारा ऋण पुस्तिका एवं बी–वन संशोधन, ग्राम तोताकापा के मुकेश द्वारा आधार कार्ड निर्माण, ग्राम परसवारा की पूजा यादव द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन, ग्राम सेतगंगा के ग्रामीणों द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा दाउपारा मुंगेली के हेमंत साहू द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत ऋण दिलाने संबंधी आवेदन शामिल रहे। कलेक्टर ने सभी आवेदनों के समयबद्ध और नियमानुसार निराकरण का आश्वासन दिया। जनदर्शन में भूमि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि के लंबित प्रकरणों को लेकर नागरिकों ने शिकायतें दर्ज कराईं। इस पर कलेक्टर ने मुंगेली एवं लोरमी के एसडीएम तथा तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अनुपस्थिति गंभीर लापरवाही

कलेक्टर ने अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही मानते हुए तीनों जनपद पंचायतों के सीईओ का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए। वहीं, मुंगेली एवं लोरमी के बीईओ और बीआरसी को अनुपस्थिति पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया। अंशकालीन स्कूल सफाईकर्मियों के मानदेय भुगतान में हो रही देरी की शिकायत पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई और नियमानुसार तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और लक्ष्य के अनुरूप लक्षित प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि, सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचे। समय–सीमा बैठक के माध्यम से जिले में विकास कार्यों को गति देने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया। बैठक में किसान सम्मान निधि योजना के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बच्चों के आधार पंजीयन के सम्बंध में ली जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने आवास योजना के कार्य प्रगति की समीक्षा की और सूर्यघर योजना के कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण

## कम पाया गया 17 हजार क्विंटल धान, राइस मिल सील

**मुंगेली।** गणेश मिनरल्स राइस मिल में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त दल ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 44 हजार 438 कट्टी धान, लगभग 17 हजार 775.2 क्विंटल कम पाया गया। जांच के दौरान मिल के मैनेजर एवं कर्मचारियों से इस बड़े अंतर के संबंध में पूछताछ की गई, लेकिन कोई भी संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। किसी भी स्तर पर कमी का स्पष्ट कारण न बता पाने से मिल परिसर में भारी मात्र में धान की हेराफेरी किए जाने की प्रबल आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार कम पाए गए धान की अनुमानित कीमत लगभग 5.5 करोड़ रुपए आंकी गई है। निरीक्षण के दौरान प्वाइंटर्स के माध्यम से मिल में



भंडारित धान की मात्र का भौतिक सत्यापन कराया गया। पूरी जांच प्रक्रिया के दौरान सीसीटीवी रिकॉर्डिंग से संबंधित कोई भी दस्तावेज या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया तथा कैमरे दोबारा चालू नहीं किए गए। साथ ही जांच दल के राइस मिल पहुंचते ही मिल के कर्मचारियों द्वारा सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए गए। इस गंभीर लापरवाही और संदेहास्पद स्थिति को देखते हुए मौके पर ही सीसीटीवी डीवीआर जब्त कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर गणेश मिनरल्स राइस मिल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। साथ ही आगे की विस्तृत जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

विरोध

## अविमुक्तेश्वरानंद को गंगा स्नान से रोकने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**मुंगेली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को गंगा स्नान से रोके जाने और उनके साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के पड़ाव चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की गई।



इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी ने धर्म की राजनीति कर सत्ता हासिल की है, आज वही सरकार साधु-संतों का अपमान कर रही है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने कहा कि, भाजपा सरकार एक ओर धर्म और संस्कृति की बात करती है, वहीं दूसरी ओर धर्म के प्रमुख स्तंभ माने जाने वाले संतों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है, जो बेहद निंदनीय है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि, भाजपा सरकार धर्म की आड़ में राजनीति कर रही है, जिससे आम जनता पहले से ही परेशान है। प्रदर्शन के दौरान सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप बंजारा, रघुनाथ सिंह, मकबूल खान, जीतू श्रीवास्तव, अशोक चंद्राकर, मुकेश मिरी, जलेश यादव, सतीश तंबोली, महिला कांग्रेस अध्यक्ष उर्मिला यादव, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष ललिता सोनी, मजदूर कांग्रेस निधि ठाकुर, राजा मानिक, असद खोखर, ग्वाल दास आनंद, उमेश सोनी, सूर्यपाल लक्की गर्ग आदि मौजूद थे।

## प्रेसिडेंट इन काउंसिल को लेकर नपा में घमासान

**मुंगेली।** प्रेसिडेंट इन काउंसिल को लेकर नगर पालिका परिषद में घमासान मचा हुआ है। नाट्यकीय घटनाक्रम में 24 घंटे पहले ही प्रेसीडेंट इन काउंसिल का गठन किया गया और लगभग आधा दर्जन पार्षदों ने इस्तिफा दे दिया है। विभिन्न विभागों में सदस्य बनाए जाने के संदर्भ में कांग्रेसी पार्षदों ने अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा है कि, कांग्रेस पार्षदों का बहुमत होने के बाद भी भाजपा पार्षदों के साथ मिलकर पीआईसी गठन किया गया है। प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन किए जाने के महज 24 घंटे के भीतर ही पार्षदों के इस्तीफों का सिलसिला शुरू हो गया।




कांग्रेसी पार्षदों ने जताया विरोध, सौंपा इस्तीफा

इस घटनाक्रम ने न केवल नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि राजनीतिक संतुलन को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। पीआईसी गठन के बाद परिषद में अस्थिरता देखने को मिली हो। इससे पहले भी पीआईसी के गठन के कुछ ही घंटों बाद पार्षदों ने असहमति जताते हुए इस्तीफे दे दिए थे। ताजा मामले में इस्तीफा देने वालों में वरिष्ठ पार्षद और अजय योद्धा माने जाने वाले अरविन्द वैष्णव के साथ अजय साहू, दिलीप सोनी, संजय चंदेल, प्रतिमा कोशले और राम किशोर देवांगन शामिल हैं। वरिष्ठ पार्षद अरविन्द वैष्णव ने इस पूरे घटनाक्रम को लेकर लिखित बयान जारी करते हुए कहा कि, परिषद में कांग्रेस पार्षदों की संख्या अधिक होने के बावजूद पीआईसी में भाजपा पार्षदों को शामिल किया गया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा और कांग्रेस की विचारधाराएं एक-दूसरे से पूरी तरह भिन्न हैं, ऐसे में इस तरह का पीआईसी गठन स्वीकार्य नहीं है। इसी कारण उन्होंने पीआईसी से इस्तीफा देने का निर्णय लिया। पार्षदों के सामूहिक इस्तीफों के बाद नगर पालिका की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। विपक्ष ही नहीं, बल्कि सत्तापक्ष के भीतर भी असंतोष के सुर सुनाई देने लगे हैं।

### टिंगीपुर राशन दुकान में चोरी एक नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

**मुंगेली।** ग्राम चमारी टिंगीपुर राशन दुकान में चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। 18 जनवरी के प्रार्थी परमेश्वर साहू पिता स्व कलीराम साहू उम्र 45 वर्ष निवासी टिंगीपुर थाना सिटी कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 30 दिसम्बर को शासकीय उचित मूल्य की दुकान चमारी में राशन वितरण करने के उपरांत सोसायटी को बंद कर दिया था। 17 जनवरी के करीब 12 बजे पंच अनमोल दास मानिकपुरी एवं शिवकुमार साहू सरपंच ने जानकारी दी कि, शासकीय उचित मूल्य की दुकान के गोदाम का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर सामान की चोरी कर ली। इस पर परमेश्वर साहू ने सोसायटी में जाकर जांच की तो, 56 बोरी चावल वजन कुल 28 क्विंटल कीमती 70 हजार रूपए एवं 5 बोरी शक्कर वजन 250 किलो ग्राम किमती 4 हजार 250 रूपए मिलाकर कुल 74 हजार 250 रूपए के सामान की चोरी हो गई थी। शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 331(4), 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू की। पतासाजी के दौरान तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबीर सूचना पर संदेही आकाश सिंह क्षत्रीय, श्रवण यादव, योगेश साहू, जगदीश प्रसाद साहू एवं एक अपचारी बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने बताया कि, 15–16 जनवरी की दरम्यानी रात शासकीय उचित मूल्य की दुकान ग्राम चमारी के दरवाजा को एक साथ धक्का देने पर दरवाजे का कुंडा टूट गया। सोसायटी अंदर घुसकर 50-50 किलो की 44 चावल बोरी कीमती 52 हजार 800 रूपए को चोरी करने की बात आरोपियों ने स्वीकार की।

रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

# सशस्त्र बलों की बैंड प्रस्तुति ने बांधा देशभक्ति का समा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर






देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत रतनपुर के ऐतिहासिक गज किला परिसर में भव्य बैंड प्रस्तुति का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 19 से 26 जनवरी 2026 तक देशभर में आयोजित की जा रही विशेष बैंड प्रस्तुतियों की श्रृंखला का हिस्सा है।

भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के संयुक्त समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के गौरवशाली अवसर का स्मरण करना है। साथ ही देशवासियों में एकता, साहस, बलिदान और राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करना भी इसका उद्देश्य है। शनिवार शाम 4 बजे से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों के बैंड द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत धुनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। मधुर और जोशीली धुनों ने न केवल उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया, बल्कि ऐतिहासिक धरोहर गज किला का वातावरण भी राष्ट्रप्रेम से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक, विद्यार्थी, युवा वर्ग तथा बड़ी संख्या में पर्यटक उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।

## नया नेतृत्व भाजपा को नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा प्रदान करेगा: साव



**लोरमी।** बहुप्रतीक्षित भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। भाजपा मुख्यालय में मंगलावार को नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया में दिल्ली पहुंचे छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेताओं के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मिलकर बधाई दी। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, नितिन जी का संगठनात्मक अनुभव, कार्यकर्ता भाव, वैचारिक दृढ़ता और टीम वर्क भाव भाजपा को नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा प्रदान करेगा। उनके नेतृत्व में राष्ट्रसेवा, सुशासन और विकसित भारत का संकल्प और अधिक मजबूत होगा।

### भाजपा देश के हर राज्य में पहचम लहराएगी: धर्मजीत



**तखतपुर।** नितीन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर तखतपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक धर्मजीत सिंह के नेतृत्व में भाजपा का झंडा लहराते हुए आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी पूरे देश की सबसे बड़ी पार्टी है, और इसमें सभी एक समान मिलकर काम करते हैं, चाहे पदाधिकारी हो या कार्यकर्ता। नितीन नबीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं, उन्हें पूरे विधानसभा क्षेत्र के लोगों की ओर से बधाई प्रषित है। धर्मजीत ने कहा कि, अब पार्टी उनके नेतृत्व में काम करते हुए भाजपा देश के हर राज्य में पहचम लहराएगी। आने वाले हर चुनाव में उनके निर्देशन में हम सभी काम करते हुए पार्टी को प्रचंड जीत दिलाएंगे और उनके दिशा निर्देशन में पार्टी हर क्षेत्र में मजबूत होगी। इस अवसर पर अशोक ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, प्रीतम कश्यप, अमित मंदानी, लव पाण्डेय, दिलीप तोलानी, गुलजीत खुराना, जाकिर हुसैन, राज कश्यप, अभिषेक ठाकुर, रूपेश साहू, अजय यादव, तन्नू कुकरेजा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नबीन का दायित्व निश्चित ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा



**लोरमी।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विधायक व उपमुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर नितिन नबीन के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नगर के मुख्य मार्ग मुंगेली चौक पर आतिशबाजी कर एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। यह नवीन दायित्व निश्चित ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा एवं राष्ट्र निर्माण को और अधिक सशक्त दिशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर विनय साहू, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, विक्रम सिंह धनीराम यादव, महाजन जायसवाल, रवि शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, लेखराज ठाकुर, राजेन्द्र साहू , दिनेश कश्यप, दिनेश साहू, विश्वास दुबे, अशोक जायसवाल, देवेंद्र केशरवानी, घंशु राजपूत, नरेन्द्र खत्री, घनश्याम यादव, देवेश खत्री, लक्ष्मी गुप्ता, पवन गुप्ता, मन्नू पाठक, कमलेश श्रीवास, संदीप सोनी,विनोद राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**सरगांव।** भाजपा मंडल सरगांव के कार्यकर्ताओं ने नितिन नबीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर आतिशबाजी कर एवं एक-दूसरे को मिठाई खिला कर जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, पूर्व अध्यक्ष रामजुड़ावन साहू, रामकुमार कौशिक, अनिल दुबे, पंकज वर्मा, रणजीत सिंह, अंबालिका साहू, परमानन्द साहू, शिव पांडे, बिहारी राजपूत, वीरेंद्र तिवारी, विष्णु तिवारी, मनीष साहू, मनोज यादव, तरुण अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, उदित साहू, लक्ष्मन साहू, रवीन्द्र गुप्ता, विशाल वर्मा, बेदु करण, संजीव नेताम सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह, जिला कार्यालय में की गई आतिशबाजी



**मुंगेली।** नितिन नबीन को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी के नेतृत्व में अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी कर बैंड बजाकर तथा मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, वरिष्ठ नेता गिरीश शुक्ला, द्वारिका जायसवाल, संजय वर्मा, सुनील पाठक, प्रेम आर्य, कोटू दादवानी, जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी राजेश्वर सिंह टंडन, आईटी सेल प्रभारी घनश्याम यादव, अमितेश आर्य, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, ग्रामीण अध्यक्ष राजीव श्रीवास, महामंत्री महावीर सिंह, मन्नू श्रीवास्तव, बिसाहू पटेल, जीवन पटेल, राघवेंद्र सिंह, पार्षद रोशन सोनी, असलम खान, जितेंद्र साहू, वासुदेव देवांगन, बादल पात्रे, करण सिंह, जनक साहू, महेश यादव, रितिमा लाल, राहुल पाठक, पवन मिश्रा, संतोष लखवानी तथा सचिन यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

### शराब पीने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट

**तखतपुर।** शराब पीने से मना करने पर बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय भास्कर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 18 जनवरी को शाम 7 बजे वह अपने दोस्तों के साथ घूमने गया हुआ था, तभी आरोपी रविशंकर टोंडे और राजा टोंडे आकर उसे शराब पीने के लिए कहने लगे। जब उसने शराब पीने से मना किया तो दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2, 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।